दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 339 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | रविवार, 12 अक्टूबर 2025 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष पंचमी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

### प्रधानमंत्री ने 35 हजार करोड़ की कृषि योजनाओं का किया शुभारंभ, 815 करोड़ के कई प्रोजेक्ट की भी रखी नींव

# पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ा; हमने बीज से लेकर बाजार तक किए सुधार : मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में कृषि क्षेत्र के लिए 35 हजार 440 करोड़ की दो बड़ी योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने पीएम 11,440 करोड़ की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि, 'कृषि और खेती हमेशा हमारे विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। समय के साथ यह जरूरी है कि कृषि को सरकार का समर्थन मिलता रहे। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ दिया था।'

पीएम ने कहा कि 21वीं सदी के भारत को तेजी से विकसित करने के लिए हमारी कृषि प्रणाली में सुधार आवश्यक था। यह काम 2014 में शुरू हुआ। हमने



पिछली सरकारों के लापरवाह रवैये को बदला। बीज से लेकर बाजार तक, किसानों के लाभ के लिए अनगिनत सुधार किए।

पीएम मोदी ने कहा- पिछली सरकारों ने देश के 100 से अधिक जिलों को पिछड़ा घोषित किया, फिर उन्हें भुला दिया। हमने इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया, इन्हें आशास्पद जिले घोषित किया।

इन जिलों को सह-संयोजन, सहयोग और प्रतिस्पर्धा के अपने मंत्र से बदला। यहां की 20% बस्तियों में स्वतंत्रता के बाद भी सड़क नहीं थी। आज इन बस्तियों का अधिकांश हिस्सा सड़कों से जुड़ चुका है।

पहले यहां के 17% बच्चों को टीकाकरण का लाभ नहीं मिल रहा था, लेकिन आज मिल रहा है। 15% से अधिक स्कूलों में बिजली नहीं थी, लेकिन अब योजना के तहत हर स्कूल में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है।

### दूध के प्रोडक्शन भारत नंबर 1

पीएम ने कहा- भारत दुनिया में दूध उत्पादन में नंबर वन हैं। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है। 2014 के मुकाबले शहद का उत्पादन भी दोगुना हुआ है। अंडे का प्रोडक्शन भी पिछले 11 सालों में दोगुना हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में भारत का कृषि निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। अन्न उत्पादन में लगभग 90 मिलियन मीट्रिक टन की वृद्धि हुई है। फल और सब्जियों का उत्पादन 64 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक बढ़ा है। पिछले 11 सालों में देश में छह बड़े फर्टीलाइजर प्लांट बनाए गए। किसानों को 2.5 करोड़ से अधिक मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड बांटे। माइक्रो-इरीगेशन की सुविधा 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंची। PM फसल बीमा योजना से लगभग ₹2 लाख करोड़ के क्लेम मिले।

### 10 हजार से ज्यादा किसान उत्पादक संघ का गठन

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 साल में 10 हजार से ज्यादा किसान उत्पादक संघ (FPOs) का गठन किया गया। इन सालों में देश के किसानों ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। आज देश का स्वभाव ऐसा हो गया है कि सिर्फ कुछ उपलब्धियों से संतुष्टि नहीं होती। यदि हम विकसित बनना चाहते हैं, तो हमें हर क्षेत्र में लगातार सुधार करना होगा। पीएम धन-धान्य कृषि योजना इसी सोच का परिणाम है।




# मां ने 4 बच्चों के साथ 8 पैकेट जहर खाकर किया सुसाइड

### 7 दिन से बंद फ्लैट मिली 5 लाशें, बदबू के कारण इत्र छिड़कर अंदर घुसी पुलिस टीम

बढ़ता राजस्थान

**सीकर (निसं)।** सीकर में एक परिवार के 5 लोगों ने सामूहिक सुसाइड कर लिया। मां ने 3 बेटों और 1 बेटी के साथ फ्लैट में जहर खाकर जान दे दी। घटनास्थल पर जहर के 10 पैकेट मिले हैं, इनमें से 8 का यूज किया गया। मौके से एक लिक्विड जहर भी पुलिस को मिला है।

पति से अनबन के चलते महिला किरण उर्फ पिंकी चौधरी (40) 3 बेटों सुमित (18), आयु (4), अवनीश (2.5) और बेटी स्नेहा (13) के साथ पालवास रोड स्थित अनिरुद्ध रेजिडेंसी में रह रही थी। फ्लैट 1 सप्ताह से ज्यादा समय से बंद था और उससे बदबू आ रही थी।

बिल्डिंग में रहने वाले अन्य लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गेट खोलकर अंदर घुसी तो 5 शव मिले, जो सड़ चुके थे और काले पड़ गए थे।

सीओ धोद सुरेश शर्मा ने बताया- फ्लैट से बदबू आ रही थी। स्थिति इतनी गंभीर थी कि अंदर घुसने में भी कठिनाई हो रही थी। बदबू को कम करने के लिए अगरबत्ती और इत्र का



उपयोग किया गया, इसके बाद पुलिस टीम अंदर जा पाई। सुसाइड के कारणों का अभी पता नहीं चला है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि सभी के शव करीब 5 दिन पुराने हैं। जिस तरह बॉडी पड़ी थी, उससे लगता है कि रात के समय खाने की किसी चीज में जहर मिलाया गया हो। मौके से आटा और कई अन्य सामान भी सबूत के रूप में लिए हैं।

### पहले पति को तलाक देकर लव मैरिज की थी, दूसरे पति से भी चल रही थी अनबन

किरण निवासी मुंडवाड़ा (सीकर) ने साल 2006 में अपने गांव के ही नेमीचंद से शादी की थी। घरवालों ने किरण का रिश्ता तय कर दिया था, लेकिन उसने घर से भागकर नेमीचंद से लव मैरिज कर ली थी। दोनों के एक बेटा सुमित और बेटी स्नेहा थी। किरण 2018 में गांव छोड़कर किसी युवक के साथ सीकर में रहने लगी। 2019 में अपने पति नेमीचंद को तलाक दे दिया था। सीकर में रहने के दौरान किरण का संपर्क शैलेश निवासी झुंझुनूं से संपर्क हुआ और दोनों ने शादी कर ली। दोनों के 2 बेटे आयु और अवनीश थे। पिछले साल किरण ने अपने पति शैलेश के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज करवा दिया। जब पुलिस ने जांच की तो सामने आया कि किरण ने उससे शादी की थी और उनके 2 बच्चे भी हुए। पुलिस इन्वेस्टिगेशन में मामला भी झूठा पाया गया। तब से किरण बच्चों के साथ किराए के फ्लैट में रह रही थी। करीब 1 साल से वह शैलेश के कॉन्टैक्ट में भी नहीं थी। पुलिस ने जब पहले पति नेमीचंद और किरण के पीहर के लोगों को फोन किया तो उन्होंने शव लेने से इनकार कर दिया। वहीं दूसरे पति शैलेश को कॉल किया गया तो उसने पुलिस को कहा कि उसकी मां बीमार है, इसलिए वह कल सुबह आएगा।

### दीपावली से पहले फ्लाइट्स का किराया 3 गुना से ज्यादा बढ़ा

बढ़ता राजस्थान


**जयपुर (कासं)।** दीपावली से पहले एयरपोर्ट पर यात्रियों की भीड़ बढ़ने के साथ ही एयरलाइंस कंपनियों ने टिकटों के दाम बढ़ा दिए हैं। यात्रियों को अपनी यात्रा के लिए तीन गुना तक किराया देना पड़ रहा है। जयपुर आने वाले यात्रियों को या तो टिकट नहीं मिल रहे हैं, या फिर दो से तीन गुना अधिक दाम चुकाने पड़ रहे हैं। जैसलमेर के लिए इंडिगो एयरलाइन्स की दिल्ली-जैसलमेर फ्लाइट का किराया, जो पहले 8 हजार रुपए था, अब बढ़कर 19 से 20 हजार रुपए हो गया है। उदयपुर से मुंबई का हवाई सफर भी महंगा हो गया है। इकोनॉमी क्लास में 5 से 10 हजार रुपए तक अधिक भुगतान करना होगा। जयपुर के लिए भी देश के प्रमुख शहरों से आने वाली फ्लाइट्स के किराए में भारी बढ़ोतरी हुई है।

# ओडिशा : चिल्का झील में दिखा आसमान छूता बवंडर, टूरिस्ट घबराकर भागे

बढ़ता राजस्थान

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा की प्रसिद्ध चिल्का झील में शुक्रवार को अचानक एक विशाल बवंडर (वाटरस्पाउट या टॉरनेडो) दिखाई दिया, जिससे झील किनारे घूम रहे टूरिस्ट नजारे को देखकर घबरा गए और सुरक्षित जगह की ओर भागने लगे।

यह बवंडर देवी कालिजाई मंदिर के दक्षिण-पश्चिम दिशा में उस समय बना, जब सैकड़ों टूरिस्ट झील की सैर कर रहे थे। अचानक हवा का दबाव बदलने से झील के



बीच में यह घुमावदार चक्र बना, जो कुछ मिनटों तक आसमान में उठता दिखा। कई लोगों ने इस दृश्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। स्थानीय लोग इस तरह के बवंडर को 'हाथीसुंधा' कहते हैं, क्योंकि इसका आकार हाथी की सूंड जैसा दिखाई देता है। थोड़ी देर बाद यह बवंडर गायब हो गया। बाद में इस घटना के वीडियो वायरल हो गए। इससे पहले चिल्का झील में 2018 और 2019 में ऐसे ही बवंडर देखे गए थे।

# पाकिस्तान से आई 7.5 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी, दो गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**श्रीगंगानगर (निसं)।** पुलिस ने पाकिस्तान से आई 1 किलो 492 ग्राम हेरोइन के साथ 2 युवकों को पकड़ा है। पुलिस को देख दोनों युवक दीवार के पीछे छिप रहे थे, जब पुलिस ने दोनों की जांच की तो हेरोइन मिली। पूछताछ में सामने आया है कि ये ड्रग्स पाकिस्तान से आई थी और पंजाब और हरियाणा में सप्लाई होनी थी।

यह कार्रवाई शुक्रवार देर रात श्रीगंगानगर में भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे केसरीसिंहपुर थाना इलाके के घनजातिया रेलवे फाटक के पास की गई। यह केसरीसिंहपुर थाना पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की जॉइंट कार्रवाई थी। केसरीसिंहपुर थानाधिकारी बलवंत राम ने बताया- पकड़े गए तस्करों की पहचान प्रभदीप सिंह (19) और करनजोत सिंह (19) के रूप में हुई। दोनों पंजाब के तरनतारन जिले के खडूरसाहिब इलाके के रहने वाले हैं। केसरीसिंहपुर थानाधिकारी बलवंत राम ने बताया- शुक्रवार देर रात को गश्त के दौरान दो युवक घनजातिया रेलवे फाटक के पास दिखे थे। जो पुलिस टीम को देखकर चारदीवारी के पीछे छिपने लगे। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को पकड़ लिया। तलाशी में एक युवक के पास प्लास्टिक की थैली में तीन पैकेट्स मिले, जिनमें 493 ग्राम, 495 ग्राम और 504 ग्राम हेरोइन थी। दोनों युवकों से टोटल 1.5 किलो हेरोइन जब्त की गई।

**आवश्यकता**

प्रदेश के सबसे तेज और विश्वसनीय समाचार पत्र दैनिक बढ़ता राजस्थान को टोंक जिले में सभी तहसील मुख्यालयों पर संवाददाताओं की आवश्यकता है।इच्छुक पत्रकार साथी सम्पर्क करें।

पुरूषोत्तम जोशी, जिला ब्यूरो चीफ टोंक, राजस्थान
मों. 9783610610



**कांग्रेस संगठन चुनाव :** सिरोही पहुंचे पर्यवेक्षक परेश धनानी, परिचय की ऊहापोह में हकबका गए कांग्रेस जिलाध्यक्ष

# जब परिचित ही नहीं हैं तो परिचय कैसे करवाएंगे?

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** कांग्रेस में संगठन चुनाव के मद्देनजर सिरोही आए पर्यवेक्षक परेश धनानी ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की। प्रांरभ के दो मिनट में उन्होंने सभी से परिचय की इच्छा जताई। इसके लिए जिलाध्यक्ष आनंद जोशी को आगे किया, लेकिन परिचय की ऊंहापोह में वे हकबका गए। संभवतया इसलिए कि पार्टी में उच्च पद पर आसीन होने पर भी वे अधिकतर पत्रकारों से परिचित नहीं हैं। ऐसा इसलिए भी कि शायद वे संगठनात्मक मुद्दों या विचारों पर भी पत्रकारों से कभी मुलाकात नहीं करते। चाहे जो हो पर परिचय सत्र के दौरान वे हकबका गए। एक-दो जनों का परिचय कराने का प्रयास किया पर सफल नहीं हो पाए। फिर पर्यवेक्षक ने पत्रकारों से ही एक-एक कर परिचय देने का अनुरोध किया।




### पर्यवेक्षक परिचय नहीं दे पाएंगे

इस दौरान पर्यवेक्षक परेश धनानी ने अपना परिचय देते हुए कहा कि वे कांग्रेस में कार्यकर्ता हैं और पार्टी में किन दायित्वों का निर्वहन किया यह बताया। उन्होंने बोलना शुरू किया ही था कि वहां बैठे पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र सांखला बात संभालने की गरज से बोल पड़े। उनका कहना रहा कि पर्यवेक्षक अपना परिचय खुद नहीं दे पाएंगे, अपने को केवल कार्यकर्ता ही बता रहे हैं। लेकिन, एक अन्य पदाधिकारी ने उन्हें हाथ के इशारे से चुप करा दिया।

### संगठन चुनाव की रूपरेखा बताई

पर्यवेक्षक परेश धनानी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए संगठन चुनाव की पूरी रूपरेखा बताई। कहा कि कार्यकर्ताओं की पसंद से ही जिलाध्यक्ष बनाए जाएंगे। इसके लिए ब्लॉक व जिलास्तरीय बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। यहां मिले फीडबैक व आवेदनों को दिल्ली आलाकमान के पास पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ प्रदेशों में यह नवाचार किया जा चुका है। सफलता मिलने के बाद अब इसे राजस्थान में भी लागू कर रहे हैं।



### पहनीं कमल के फूलों वाली साड़ी

पर्यवेक्षक के तौर पर सिरोही आईं सुमन यादव की साड़ी कुछ खास दिखीं। वे हल्के रंग की साड़ी में थीं और यह कलर उनको खूब फब रहा था, लेकिन साड़ी की डिजाइन चर्चा का विषय रही। इस मायने में कि उस पर कमल के फूल बने हुए थे। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस व भाजपा देश के प्रमुख राजनीतिक दलों में एक हैं और कमल का फूल भाजपा का चुनाव चिह्न है।

पर्यवेक्षक ने लिया फीडबैक

## सुनाई पीड़ाः सत्ता में आने के बाद आप हमें भूल जाते हैं

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** कांग्रेस में संगठन चुनाव को देखते हुए पर्यवेक्षक परेश धनानी समेत अन्य ने शनिवार को यहां कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष का चुनाव कार्यकर्ताओं में से ही किया जाएगा। इसके लिए आवेदन मांगे गए हैं। उनका कहना रहा कि कार्यकर्ता या तो नेता बनें या नेता चुनें। यहां एक निजी गार्डन में हुई बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने अपनी पीड़ा भी सुनाई। एक कार्यकर्ता ने तो यहां तक कह दिया कि सत्ता में आने के बाद आप लोग कार्यकर्ताओं को भूल जाते हैं। पर्यवेक्षक ने सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से वन टू वन वार्ता भी की। सिरोही-जालोर के लिए गुजरात से परेश धनानी को पर्यवेक्षक बनाया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी से सुमन यादव व गोविंदराम मेघवाल को उनके साथ भेजा गया हैं। पत्रकारों से बातचीत में पर्यवेक्षकों ने बताया कि पूर्व में जिलाध्यक्ष आगे से तय होते थे पर अब ऐसा नहीं होगा। यहां कार्यकर्ताओं से फीडबैक और आवेदन लिए जा रहे हैं। यह सब दिल्ली में आलाकमान के समक्ष रखा जाएगा। इसके बाद वहां से कार्यकर्ताओं की मंशा के अनुरूप ही जिलाध्यक्ष तय होंगे। संगठन चुनाव के तहत कांग्रेस में यह नवाचार किया जा रहा है। संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेकर हाईकमान तक पहुंचाया जाएगा।

## पिछोला पैंथर्स और लेक टाइटन्स ने जीते अपने मैच, लौकिक, आयुष मेन ऑफ द मैच

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर प्रीमियर लीग सीजन-2 के छठें दिन शनिवार को खेले गए मैचेस में पिछोला पैंथर्स ने महाराणा किंग्स को 31 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पिछोला पैंथर्स ने लौंकिक सूर्यवंशी के शानदार शतक की बदौलत निर्धारित ओवर्स में 190 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी महाराणा किंग्स निर्धारित ओवर्स में ने 158 ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच लौकिक सूर्यवंशी रहे। आयोजन सचिव अनिरुद्ध सांखला ने बताया कि इक्विटास बैंक के सहयोग से हुए आयोजन में दूसरे मैच में लेक टाइटंस ने गणगौर वॉरियर्स को 3 विकेट से हराया। मैन ऑफ द मैच आयुष रॉय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए धुंआधार 29 गेंदों पर 60 रन की पारी खेली। मुख्य अतिथि पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी किशन चैधरी ने मैन ऑफ द मैच को सम्मानित किया।

## एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने शैक्षणिक अव्यवस्थाओं को लेकर किया प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्थाओं को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्री और उपमुख्यमंत्री के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा, जिसमें महाविद्यालय के दो सहायक आचार्यों की प्रतिनियुक्ति रद्द करने की मांग की गई।परिषद के विभाग संयोजक योगेंद्र डागुर ने बताया कि लंबे समय से महाविद्यालय के दो सहायक आचार्यों को अन्यत्र प्रतिनियुक्त किया गया है, जिससे शैक्षणिक व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं।ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि विज्ञान संकाय के सहायक आचार्यों की कार्य व्यवस्था समाप्त कर उन्हें मूल स्थान पर वापस लगाया जाए, ताकि महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां सुचारु रूप से चल सकें। इन मांगों को लेकर विद्यार्थियों ने ज्ञापन सौंपने से पहले धरना भी दिया।

## 14 को योगा फेस्ट कार्यक्रम में बनेंगे फेस योगा व महामुत्युंजय मंत्र पर विश्व रिकॉर्ड

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** डायनेमिक योगा स्टूडियों की ओर से 14 अक्टूबर को फिल्ड क्लब मैदान पर योगा फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लगभग 3000 लोगों द्वारा किये जाने वाले 108 बार महामृत्युंजय मंत्र,फेस योगा व 21 लोगों द्वारा व्यक्तिगत स्तर पर किये जाने वाले योगा को लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया जायेगा। इस दौरान विश्व रिकॉर्ड की टीम व जूरी मौजूद रहेगी। इसमें प्रवेश निःशुल्क लेकिन पंजीकण के साथ रहेगा। योग गुरू डॉ. गुनीत मोंगा ने बताया कि त्वचा को सुन्दर बनानें के लिये हर व्यक्ति व महिला कुछ न कुछ प्रसाधन सामग्री का उपयोग करते है जिससे उनकी त्वचा सुन्दर दिखने के बजाय और खराब हो जाती है। प्राकृतिक रूप से चेहरे को तरोताजा बनायें रखने के लिये फेस योगा का सहारा लिया जाता है और उसी को लेकर शहर में पहली बार वृह्द स्तर पर लगभग 3000 लोग एक ही स्थान पर एकत्रित होकर फेस योगा करेंगे।

थानाधिकारी ने निरीक्षण कर व्यापारियों से किया संवाद

# पावटा में यातायात जाम बना आमजन की बड़ी परेशानी



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शहर पावटा में इन दिनों यातायात जाम की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। मुख्य स्टैंड पुलिया के दोनों छोरों से लेकर पावटा अंडरपास, सुभाष चौक, कपड़ा मार्केट, होली चौक, घंटाघर, लाखौड़ी मार्ग, एचडीएफसी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बुद्ध प्लाजा, बीएल मार्केट, बालाजी मेघा मार्ट और एसबीबीआई बैंक के आसपास रोजाना लगने वाले जाम से आमजन त्रस्त हैं। बेतरतीब पार्किंग और बढ़ते वाहनों के दबाव से टसकौला-भौनावास सडक़ मार्ग पर आवागमन भी कठिन हो गया है। हालात ऐसे हैं कि कुछ ही मिनटों की दूरी तय करने में लोगों को आधा घंटा या उससे अधिक समय लग रहा है। लगातार बिगड़ती स्थिति को देखते हुए प्रागपुरा थाने के नवनियुक्त थानाधिकारी कश्मीर सिंह ने शनिवार को पावटा कस्बे की यातायात व्यवस्था सुधारने की कमान खुद संभाली। उन्होंने मुख्य बाजारों और प्रमुख चौराहों का डोर टू डोर निरीक्षण किया तथा जाम की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान थानाधिकारी सिंह ने नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा के अधिकारियों और कर्मचारियों को साथ लेकर सम्पूर्ण बाजार में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से संवाद कर ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए समझाइश और दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कस्बे में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस, नगरपालिका और परिवहन विभाग को संयुक्त रूप से कार्य करना होगा।

थानाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग, सर्विस रोड, मॉल, बैंकों, दुकानों और मुख्य बाजारों के बाहर बेतरतीब खड़े वाहनों को तुरंत हटाने के निर्देश जारी किए। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि व्यापारी वर्ग और आमजन सहयोग करें, तो पावटा की ट्रैफिक समस्या का स्थायी समाधान संभव है। कश्मीर सिंह ने बताया कि वर्तमान में मुख्य सडक़ मार्ग पर पुलिया के दोनों ओर बड़े वाहनों की एंट्री पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि टसकौला-भौनावास मार्ग से आने वाले बड़े वाहनों को लेकर शीघ्र ही व्यापारिक संगठनों और वाहन चालकों की यूनियन के साथ बैठक की जाएगी, ताकि स्थिति का स्थायी समाधान निकाला जा सके।

### लोगों में जगी उम्मीद, राह होगी आसान

निरीक्षण के दौरान नगरपालिका कार्मिकों और पुलिस जाब्ते ने कई स्थानों से अस्थायी रूप से खड़े वाहनों को हटवाया। ट्रैफिक मार्गों को साफ कर वाहनों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित की गई। थानाधिकारी सिंह के इस सक्रिय और मैदानी प्रयास से कस्बेवासियों में नई उम्मीद जगी है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने इस पहल की खुले दिल से सराहना की। लोगों ने कहा कि यदि इसी तरह नियमित रूप से निगरानी और कार्रवाई जारी रही, तो पावटा कस्बा जल्द ही जाम की समस्या से मुक्त हो सकता है।

हर घर दीवाली अभियान

## 13 परिवार हुए सोलर से रोशन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** रोटरी क्लब उद्यम द्वारा अपनी मुहिम गांवो में चलाये जा रहे रफ्तार पकड़ता हर घर दीवाली अभियान के तहत क्लब की ओर से 13 परिवारों के घर सोलर से रोशन किये गये। क्लब अध्यक्ष वैभव शर्मा ने बताया कि क्लब द्वारा चलाये जा रहे अक्षय उर्जा प्रोजेक्ट पिछले दो वर्षों से ग्रामीण परिवारों तक उजाला पहुँचाने की दिशा में कार्यरत है। इसी क्रम में रफ्तार पकड़ता हर घर दीवाली अभियान के तहत इस दिवाली से पहले शेष 13 परिवारों को सोलर लाइट वितरित की जा रही हैं, ताकि हर घर उजाले की ओर बढ़े। क्लब की सचिव जुली मरमत एवं देवेन्द्र चैधरी ने बताया कि इस अवसर पर सरकारी अध्यापिका लावण्या शर्मा ने पाँच परिवारों को सोलर ट्यूबलाइट प्रदान कर उजाला फैलाने की पहल की। रेजीडेंसी स्कूल, उदयपुर की सुश्री लावण्या शर्मा, अक्षय ऊर्जा परियोजना' के लिए 17,500 रूपयें के लिये योगदान दिया।

## राजकीय आवासीय छात्रावासों में गेस्ट फैकल्टी की सेवाओं के लिए मांगेआवेदन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** 11 अक्टूबर को जिले में विभाग द्वारा संचालित विद्यालय स्तरीय राजकीय छात्रावासों में कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाओं में अध्ययनरत आवासीय छात्र-छात्राओं के लिए कठिन विषयों गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय विशेषज्ञ अनुभवी व्यक्तियों को गेस्ट फैकल्टी की सेवाओं के लिये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किए है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक जय प्रकाश ने बताया कि अध्यापक ग्रेड प्रथम व द्वितीय श्रेणी में पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों को पूर्णतः अस्थायी रूप से वित्त विभाग के परिपत्र में वर्णित शर्तों व मानदेय के आधार पर गैस्ट फैकल्टी के रूप में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में मय आवश्यक योग्यता प्रमाण व शपथ पत्र अंतिम तिथि 27 अक्टूबर 2025 को शाम 6 बजे तक जमा कराए जा सकते हैं।

# जिलाध्यक्ष पद के लिए किया शक्ति प्रदर्शन




बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** कांग्रेस में जिलाध्यक्ष पद के लिए पर्यवेक्षकों ने आवेदन लिए। इस दौरान कई दावेदारों ने शक्ति प्रदर्शन भी किया। वहीं, कुछ दावेदार अपने समर्थकों के साथ चुपचाप आए और पर्यवेक्षकों से मिलकर आवेदन देकर चले गए। जिला परिषद के पूर्व सदस्य पुखराज गहलोत ने भी भारी भीड़ साथ सर्किट हाउस में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। समर्थकों ने नारेबाजी करते हुए संगठन की मजबूती और एकजुटता के लिए पुखराज गहलोत को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपे जाने की मांग रखी। दावेदार पुखराज गहलोत ने भी पर्यवेक्षकों को भरोसा दिलाया कि संगठन को और मजबूत करने एवं पंचायतराज व निकाय चुनावों में कांग्रेस को विजयी दिलाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य किया जाएगा।

## बारां के एईएन-जेईएन के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति का प्रकरण दर्ज



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** एसीबी ने राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड खण्ड बारां के सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति का प्रकरण दर्ज किया है। डीजी एसीबी स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी कोटा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मन विजय स्वर्णकार को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि कार्यालय अधिशाषी अभियंता राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड खण्ड बारां के सहायक अभियंता अंकित शर्मा के अधीन चल रहे विभाग के निर्माण कार्यों के कार्य स्थल से ठेकेदारों से सुविधा शुल्क अवैध रूप से प्राप्त करके मांगरोल की तरफ से अपने वाहन मोटरसाइकिल से अपने निवास बारां की ओर आ रहा है। जिस पर गोपनीय सत्यापन से सूचना सही पाई गई।

एसीबी टीम कोटा ने सहायक अभियंता अंकित शर्मा एवं कनिष्ठ अभियंता रविकांत मीणा की आकस्मिक चेकिंग की तो उनके पास से संदिग्ध अवैध राशि 1 लाख 40 हजार रुपये जब्त किए गए। जिसके बारे में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर सहायक अभियंता अंकित शर्मा एवं कनिष्ठ अभियंता रविकांत मीणा रविकांत मीणा के विरुद्ध आय से अधिक सम्पति का प्रकरण दर्ज किया गया है।

पीईईओ एवं प्रधानाध्यापक को सौंपा कब्जा

# स्कूल के नाम दर्ज भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** तहसील प्रशासन ने शनिवार को कस्बे की शिव कॉलोनी के पास राजकीय प्राथमिक स्कूल के नाम दर्ज 25 एयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया। तहसीलदार संजीव कुमार धाकड़ एवं राजस्व विभाग की टीम ने जेसीबी से अतिक्रमण हटवा कर भूमि को पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सोहन सिंह मीणा एवं राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल नंबर एक के प्रधानाध्यापक महेश चंद डागुर को सुपुर्द किया। हिंडौन एसडीएम हेमराज गुर्जर के निर्देश पर सूरौठ तहसीलदार संजीव कुमार धाकड़, गिरदावर रामकेश भागौड, राजेश कुमार मीणा, हरमेंद्र जाटव, परवारी पंकज जाटव, दिनेश, राजीव, सूरौठ थाने के एएसआई रामनिवास, चौकी इंचार्ज गजराज मीणा आदि जेसीबी लेकर शिव कॉलोनी पहुंचे तथा राजकीय स्कूल के नाम से दर्ज भूमि पर हो रही फसल को नष्ट करवाया तथा वहां से पत्थरों को हटवाया। राजस्व विभाग की टीम ने भूमि का सीमा ज्ञान किया तथा करीब 20 वर्ष पुराने अतिक्रमण को हटवाया। कई साल पहले इस भूमि को प्रशासन ने राजकीय प्राथमिक स्कूल शिव कॉलोनी को आवंटित किया था। इस अवसर पर पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सोहन सिंह मीणा, प्रधानाध्यापक महेश चन्द्र डागुर, अध्यापक तेजपाल जाटव, नरेश गोयल आदि भी मौजूद रहे। तहसीलदार ने बताया कि यह भूमि राजस्व रिकॉर्ड में राजकीय प्राथमिक स्कूल शिव कॉलोनी के नाम दर्ज है।




### तहसीलदार ने की समझाइश

शिव कॉलोनी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय के नाम दर्ज भूमि पर 20 साल से अतिक्रमणियों ने अतिक्रमण कर रखा था जिस पर तहसीलदार संजीव कुमार धाकड़ ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमणियों से वार्ता कर समझाइश करते हुए जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा कर चारों तरफ तारबंदी करवाई गई।

## सेठ मूलचंद प्रभुदयाल परिवार ने 400 बच्चों को बैग व शिक्षकों को ट्राली सूटकेस भेंट



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर स्थित सेठ मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक भव्य और भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यालय भवन के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सेठ मूलचंद प्रभुदयाल परिवार द्वारा ग्राम के समस्त विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और ग्रामवासियों के लिए कृष्ण भोग के रूप में किया गया। भोजन एवं भव्य आयोजन में ग्राम वासियों के अलावा आसपास और दूर-दराज से आए प्रबुद्धजन, व्यवसायी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और अनेक उच्च अधिकारी उपस्थित थे। प्रवक्ता रामकरण यादव अवार्डी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा और समाज सेवा के महत्व को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर भामाशाह परिवार ने सरकारी स्कूल में पढने वाले 400 बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाले सफारी बैग वितरित किए। साथ ही, विद्यालय के समस्त शिक्षकों को चालीस ट्राली सूटकेस भेंट किए गए। इसके अतिरिक्त, विद्यालय विकास और बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई गई।

## पवाना अहीर सीनियर स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपुतली के ग्राम पवाना अहीर के सेठ मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में महिला अधिकारिता ब्लॉक सुपरवाइजर किरण धूवा के मुख्य आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। श्रीमती धूवा ने बालिकाओं के अधिकार, सामान्य सुरक्षा, आत्मनिर्भर और महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी देते हुए प्रोत्साहन प्रदान किया। बालिकाओं में रचनात्मक, सृजनशीलता और कौशल विकास हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास की बालिकाओं ने बाजी मारते हुए पुरस्कार स्वरूप कापी पेन व स्टेशनरी प्राप्त की। निबंध प्रतियोगिता में तमन्ना कंवर प्रथम, जिया यादव द्वितीय, अंशिका कंवर तृतीय तथा मेहंदी प्रतियोगिता में किरण कंवर प्रथम,मनीषा अनुष्का द्वितीय, प्रियंका रविना तृतीय के साथ चित्रकला में अंकिता प्रथम, मीनाक्षी द्वितीय, निकिता कोमल तृतीय स्थान पर रही। व्याख्याता सुमन चौहान, माया यादव वरिष्ठ अध्यापिका ने भी महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। इस दौरान मधु यादव वरिष्ठ सहायक, अनिता शर्मा प्रियंका ग्राम साथिन, ए एन एम ममता कुमावत, बबली बागोरिया, संजय कुमारी, मंजू देवी, सुमन आदि सहित ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी रही।

## राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय दूदू में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**दूदू (नि.स.)।** महिला अधिकारिता विभाग द्वारा शनिवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय दूदू में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' की शपथ दिलाई गई तथा चित्रकला, मेहंदी, कविता और खेल-कूद जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक सुपरवाइजर अनुष्का ने बालिकाओं को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, लाडो प्रोत्साहन योजना, शिक्षा सेतु योजना,महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र तथा वन स्टॉप सेंटर की जानकारी दी और बालिकाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं द्वारा केक काटकर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सविता सांभरिया सहित सभी अध्यापक एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## सेवा शिविर में मिलते हैं अनुशासन व संस्कार



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** कस्बे के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना प्लस 2 स्तर के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य निर्मल मान ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य निर्मल मान ने कहा कि सेवा शिविरों में हिस्सा लेने से अनुशासन के साथ संस्कार भी मिलते हैं। इस प्रकार के शिविरों में बढ़ चढक़र हिस्सा लेना चाहिए। सामाजिक जीवन में भी जहां भी सेवा का अवसर मिले वहां बढ़-चढक़र अपनी सहभागिता निभानी चाहिए । सभी स्वयं सेविकाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान की शपथ दिलाई गई स्वयं सेविकाओं ने श्रमदान के तहत विद्यालय परिसर में साफ सफाई की, विद्यालय वाटिका को सावरा। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी अनीता कुमारी मीणा सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## टायर कारोबारी अंकित गोयल और जयराम चौधरी पर बड़ी कार्रवाई:86 बार नियमों की उड़ाई धज्जियां

बंढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान सरकार के प्रादेशिक परिवहन अधिकारी (आरटीओ), जयपुर द्वितीय कार्यालय ने एक बड़ा खुलासा करते हुए शाहपुरा के 'महामाया टायसर्' के प्रोपराइटर अंकित गोयल और वाहन कब्जाधारक जयराम चौधरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आरटीओ की जांच में पाया गया कि वाहन संख्या आरजे-52 जीए 8759, जिसका पंजीयन 5 नवम्बर 2024 को निलम्बित किया गया था, उसे उसके बाद भी कुल 86 बार सडक़ पर दौड़ाया गया। वाहन न केवल बिना वैध पंजीयन चलाया गया, बल्कि उसमें 37 टन ओवरलोड माल, बिना नम्बर प्लेट, बिना स्पीड गवर्नर और बिना रिफ्लेक्टिव टेप के हालत में परिवहन किया जा रहा था। आरटीओ की टीम द्वारा जब वाहन रोकने और तोलने का प्रयास किया गया, तो चालक सूरज यादव ने सहयोग से इंकार कर दिया। वाहन को बेनाडा धर्म कांटा पर सीज किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि फास्टैग के जरिए यह वाहन निलंबन अवधि में 86 बार टोल पार कर चुका था, जिससे यह साबित हुआ कि वाहन स्वामी अंकित गोयल और कब्जाधारक जयराम चौधरी ने मिलीभगत कर अवैध रूप से वाहन संचालन जारी रखा। इससे पहले भी यह वाहन 13 सितंबर 2024 और 25 सितंबर 2024 को ओवरलोडिंग में पकड़ा जा चुका था। आरटीओ कार्यालय ने अब इस पूरे मामले में कुल 86 इस्तगासे (केस) माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर दिए हैं। अधिनियम 1988 की धारा 39/192 के तहत यह गंभीर अपराध माना जाता है द्वितीय या पश्चातवर्ती अपराध पर एक वर्ष की सजा या 10,000 तक जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया देश की कृषि व्यवस्था में नए युग का आरंभ

# किसान को अच्छा बीज, तकनीक और सलाह मिलने से कृषि में बढ़ेगी उत्पादकता: भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित विशेष कृषि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरूआत की। उन्होंने देश को 24 हजार करोड़ रुपये के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना एवं 11 हजार 440 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़े तथा प्रधानमंत्री के संबोधन का श्रवण किया।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान दुर्गापुरा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने धन-धान्य कृषि योजना, दलहन मिशन और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ कर देश की कृषि व्यवस्था में एक नए युग का आरंभ किया हैं। ये योजनाएं उत्पादन बढ़ाने के साथ ही खेती को अधिक आत्मनिर्भर और टिकाऊ बनाने का काम करेंगी। प्रधानमंत्री की इस दूरदर्शी पहल से किसान भाई-बहन अब केवल पारंपरिक खेती तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक तरीकों और बाजार से बेहतर जुड़ाव के माध्यम से समृद्धि और प्रगति का नया अध्याय रचेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का स्पष्ट मानना है कि यदि देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाना है, तो हमें अपने अन्नदाताओं को सशक्त बनाना होगा।

**प्रधानमंत्री ने किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में उठाए ठोस कदम:** शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से करोड़ो किसानों को आर्थिक सहायता पहुंचाई जा रही है। मजबूत डिजिटल व्यवस्था से यह धनराशि बिना किसी बिचौलिए के समय पर सही लोगों तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि फसल बीमा योजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से किसानों को सुरक्षा प्रदान की जा रही है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड, नीम कोटेड यूरिया, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसी अनेक योजनाओं से कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिली है।

**प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना में प्रदेश के आठ जिले शामिल:** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के तहत देश के ऐसे 100 कृषि जिलों को चुना गया है। कम उत्पादकता, मध्यम फसल तीव्रता एवं औसत से कम ऋण उपलब्धता इन जिलों के चयन का मुख्य आधार है। देश से 100 जिलों में से राज्य के आठ जिलों बाड़मेर, जैसलमेर, नागौर, जोधपुर, बीकानेर, पाली, जालोर और चूरू को इस योजना में शामिल किया गया हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य उत्पादकता बढ़ाने के साथ ही फसल विविधीकरण, सिंचाई सुविधाओं में सुधार, भंडारण क्षमता में वृद्धि और किसानों को आसान ऋण उपलब्ध कराना है। इसके लिए कृषि, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, सहकारिता, खाद्य प्रसंस्करण, ग्रामीण विकास एवं जलसंसाधन सहित 11 विभागों को जोड़ा गया है।

**प्रदेश में 23 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र स्थापित :** श्री शर्मा ने कहा कि इस योजना का पहला लक्ष्य सिंचाई का विस्तार करना है। यह योजना प्रधानमंत्री के हर खेत को पानी के सपने को साकार करने की दिशा में काम करेगी। छोटे किसानों को सूक्ष्म सिंचाई यानी ड्रिप और स्प्रिंकलर की सुविधा मिलेगी तथा परंपरागत जलाशयों का पुनर्जीवन एवं सिंचित क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में अब तक लगभग 23 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई संयत्र स्थापित किए जा चुके हैं और आने वाले वर्षों में संपूर्ण सिंचित क्षेत्र में ड्रिप और स्प्रिंकलर संयत्र स्थापित करना हमारा लक्ष्य है।

## कार्रवाई : 1 हजार 275 किलो मिलावटी मसालों का जखीरा किया बरामद

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राज्य सरकार के शुद्ध आहार - मिलावट पर वार अभियान के तहत जयपुर में खाद्य सुरक्षा दल ने आज एक बड़ी सफलता हासिल की। टीम ने मिलावटी हल्दी, मिर्च और धनिया पाउडर की लगभग 1275 किलोग्राम मात्रा जब्त कर एक संगठित मिलावट नेटवर्क का पर्दाफाश किया। यह कार्रवाई आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के मार्गदर्शन में की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मुरलीपुरा क्षेत्र में एक लोडिंग ऑटो को पकड़ा, जिसमें मसालों से भरे 11 कट्टे पाए गए। पूछताछ के आधार पर टीम कर्ती इंटरप्राइजेज नामक फर्म तक पहुंची, जहां निरीक्षण के दौरान कुल 29 कट्टों में लगभग 1275 किलो मिलावटी मसाले बरामद किए गए। जांच में पाया गया कि इस व्यापारी के यहां से पूर्व में लिए गए नमूने भी अनसेफ घोषित किए जा चुके हैं। अब खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 64 के अंतर्गत रिपोर्ट प्राप्त होने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि मिलावटखोरी के विरुद्ध जिला प्रशासन की ज़ीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। नियमित समीक्षा बैठकों में ऐसे व्यापारियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, वीरेंद्र कुमार सिंह, नरेश कुमार चेजारा, विशाल मित्तल, नरेंद्र शर्मा एवं पवन कुमार गुप्ता सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## नवागंतुक विद्यार्थियों का किया स्वागत, कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**सीकर (नि.स.)।** रानोली कस्बे के गोवटी रोड़ स्थित संस्कार बालिका पीजी महाविद्यालय में शुक्रवार को नवप्रवेशी छात्राओं के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सोनम महला के सानिध्य में हुआ। इस दौरान वरिष्ठ छात्राओं ने नवागंतुक छात्राओं का तिलक लगाकर व पुष्प देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. महला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज जीवन आत्मविकास का महत्वपूर्ण समय है, इसलिए सभी को नियमित अध्ययन और अनुशासन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने नई छात्राओं को सफलता के लिए परिश्रम और सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया।

फ्रेशर पार्टी में छात्राओं ने राजस्थानी लोकगीतों व देशभक्ति गानों पर एक से बढक़र एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ छात्राओं ने किया। इस अवसर पर पुष्पा, प्रियंका, रेखा वर्मा, नीतू कंवर, ममता बाजिया, नेहा, पूरणमल कुमावत, ओमप्रकाश, वासुदेव सिंह, अंकित, सुल्तान सिंह व राकेश सैनी सहित महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

## मिष्ठान भंडारों पर निरीक्षण, 130 किलो कलाकंद जब्त

बढ़ता राजस्थान





**कोटपुतली (बिल्लूराम सैनी)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक डॉ.टी.शुभमंगला, जिला कलेक्टरकोटपुतली-बहरोड़ प्रियंका गोस्वामी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ.ओमप्रकाश सहारण के निर्देशन में त्योहारी सीजन को देखते हुए शुक्रवार को बहरोड़ क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच हेतु विशेष अभियान चलाया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटपुतली-बहरोड़ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि बहरोड़ के मेन चौराहा स्थित बीकानेर मिष्ठान भंडार के गोदाम का निरीक्षण किया गया, जहां से मिश्री मावा एवं मीठा मावा के सैंपल लिए गए।

इसके अलावा जोधपुर मिष्ठान भंडार के गोदाम का भी निरीक्षण किया गया, जहां 65 पैकेट (लगभग 130 किलो) कलाकंद पाया गया जो प्रथम दृष्टया मिलावटी प्रतीत हुआ। विक्रेता ने बताया कि यह माल उसने खैरथल के किशनगढ़बास कस्बे से खरीदा था। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत मौके पर ही दो नमूने लेकर 130 किलो कलाकंद को जनहित में सीज किया गया। साथ ही परिसर में साफ-सफाई नहीं पाए जाने पर विक्रेता को इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। सभी सैंपल्स को प्रयोगशाला जयपुर भेजा गया है, जहां से रिपोर्ट आने के बाद स्नस्स्ï एक्ट के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा एवं नेहा शर्मा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वच्छता, भंडारण और गुणवत्ता बनाए रखने संबंधी दिशा-निर्देश भी दिए।

इसके अतिरिक्त शिकायत प्राप्त होने पर बानसूर रोड स्थित श्री श्याम रसगुल्ला भंडार और श्री बालाजी डेयरी प्रोडक्ट्स से रसगुल्ला के सैंपल लिए गए। वहीं दा राजस्थान स्वीट्स से कलाकंद एवं रसगुल्ला के सैंपल लिए गए।

अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई त्योहारी सीजन के दौरान उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की जा रही है, और आने वाले दिनों में जिलेभर में ऐसे निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे।

### एक लकी मॉडल को टॉप 12 में मिलेगी डायरेक्ट एंट्री और विनर को मिलेगा एक लाख का कैश प्राइज

# मिस अल्यूरिंग ब्यूटी ऑफ राजस्थान एंड नेशनल डायनामिक अवॉर्ड सीजन 3 का पोस्टर लॉन्च

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में शनिवार को माइंड ब्लोइंग फिल्म प्रमोशन एवं रिवाइव हॉलीडेज प्रा.लि. के सहयोग से आयोजित किए जा रहे राजस्थान के प्रतिष्ठित एवं ब्यूटी पेजेंट मिस अल्यूरिंग ब्यूटी ऑफ राजस्थान एंड नेशनल डायनामिक अवॉर्ड - सीजन 3 की पोस्टर लॉन्चिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। यह प्रदेश की इकलौती एक ऐसी स्टेट लेवल ब्यूटी प्रतियोगिता है, जिसके पार्टिसिपेंट्स को बॉलीवुड मूवीज, वेबसीरीज, म्यूजिक वीडियो एल्बम में अपने हुनर को शोकेस करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जाता है।

फाउंडर सौरभ प्रजापत एवं शो डायरेक्टर आशीष कुमावत और वरुण बंसल ने बताया कि पूर्व में दो सीजन सफलतापूर्वक संपन्न करने के बाद इस वर्ष और भी भव्य स्तर पर इस इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस मंच के जरिए पहले भी कई मॉडल्स को बॉलीवुड इंडस्ट्री में मूवीज और म्यूजिक वीडियो के जरिए काम मिल चुका है, और वह आज एक अच्छे मुकाम पर अपनी पहचान बना चुकी हैं।उन्होंने बताया कि जयपुर शहर में इस पेजेंट के दो ऑडिशन आयोजित किए जाएंगे, जिसके अलग अलग स्केल एवं पैरामीटर्स पर कैंडिडेट्स का सिलेक्शन किया जाएगा। इसी दौरान एक लकी पार्टिसिपेंट को डायरेक्ट टॉप 12 में एंट्री दी जाएगी तो वहीं विनर को एक लाख रुपए का कैश प्राइज दिया जाएगा।

फिनाले से पहले लुक लॉन्च, टैलेंट राउंड, ग्रूमिंग सेशंस जैसी अन्य एक्टिविटीज भी आयोजित की जाएंगी। वहीं, ग्रैंड फिनाले का आयोजन 14 दिसंबर को जयपुर में किया जाएगा, जिसमें एक बड़े बॉलीवुड सेलिब्रिटी को स्पेशल गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया जाएगा, जो जूरी पैनल में पार्टिसिपेंट्स के टैलेंट को परखेंगे। पेजेंट की टॉप फाइनलिस्ट मॉडल्स को बॉलीवुड डायरेक्टर अमन प्रजापत ट्रेनिंग और ग्रूमिंग देंगे। अमन ग्रैंड फाइनल के लिए सिलेक्ट होने वाली फाइनलिस्ट को इंडस्ट्री से संबंधित कैरियर, स्किल्स, मोटिवेशन, कम्युनिकेशन के टिप्स देते हुए नजर आएंगे।

इस अवसर पर विशेष अतिथियों के रूप में जेडी महेश्वरी, पवन गोयल, शिव सिंह शेखावत, सुमीर चौधरी, जीएल यादव, शरवन यादव, शिवराज सिंह, ओमप्रकाश नागर, कार्तिक राज यादव, अभिषेक सिंह, कृष्णा कुमावत उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# टिकाऊ कर व्यवस्था से ही बढ़ेगा भारत में विदेशी निवेश

यह बात तो सभी मानते हैं कि भारत को अपनी निवेश दर बढ़ाने और अपनी वृद्धि दर में टिकाऊ सुधार के लिए बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की आवश्यकता है। हालांकि, कर के मामले में अनिश्चितता अभी भी देश की कुल एफडीआई संभावनाओं के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। इस संदर्भ में नीति आयोग का ताजातरीन 'कर नीति कार्य पत्र' समस्या की बुनियाद का सही पता लगाता है।

'स्थायी प्रतिष्ठान' और लाभ आवंटन के नियमों को परिभाषित करने में जो अस्पष्टता है उसने 'कारोबारी मौजूदगी' और 'करयोग्य मौजूदगी' के बीच की रेखा को धुंधला कर दिया है जिससे निवेशकों के लिए जोखिम प्रीमियम उत्पन्न हो गया है। एक अप्रत्याशित स्थायी प्रतिष्ठान के मामले की शुरुआत, जो निवेशकों को पिछली अवधि के कर दावों के अधीन कर सकता है, भारत से अर्जित आय पर भारी और अप्रत्याशित कर देनदारियों का कारण बन सकता है, जिससे निवेश हतोत्साहित होता है।

यह जोखिम प्रीमियम न केवल नए निवेशकों को रोकता है, बल्कि मौजूदा कंपनियों को कर लाभ के लिए जटिल और अप्रत्यक्ष निवेश संरचनाओं की ओर भी प्रेरित करता है। इसका परिणाम पूंजी की अक्षमता और महंगी मुकदमेबाजी के रूप में सामने आता है।

कार्य पत्र में सर्वोच्च न्यायालय के जिन हालिया निर्णयों का उल्लेख है, वे दिखाते हैं कि इस तरह के कानूनी ढांचे से कैसे अप्रत्याशित परिणाम सामने आ सकते हैं। फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप लिमिटेड बनाम आयकर आयुक्त (2017) के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि बुद्ध इंटरनैशनल सर्किट को विदेशी उपक्रम के लिए एक स्थायी प्रतिष्ठान माना जाएगा क्योंकि यह आयोजन करदाताओं के नियंत्रण और अधिकार में था। भले ही यह केवल कुछ दिनों तक चला। वर्ष 2025 के हयात इंटरनैशनल (दक्षिण पश्चिम एशिया) लिमिटेड बनाम अतिरिक्त आयकर निदेशक मुकदमे में इस तर्क को भारत- संयुक्त अरब अमीरात संधि मामलों में भी आगे बढ़ाया गया। इसमें पुष्टि की गई कि प्रबंधन या समन्वय गतिविधियां देनदारियों को जन्म दे सकती हैं भले ही किसी भौतिक कार्यालय की मौजूदगी नहीं हो। ये निर्णय भारत के कराधान अधिकारों की वैधता को बनाए रखते हैं, लेकिन ये एक गंभीर दुविधा को भी उजागर करते हैं। यदि स्थायी प्रतिष्ठान की स्पष्ट और वस्तुनिष्ठ परिभाषा नहीं दी जाती, तो भारत एक वैध व्यावसायिक उपस्थिति को कर योग्य नियंत्रण के रूप में भ्रमित करने का जोखिम उठाता है। ऐसे प्रमुख विवादों को अंतिम समाधान तक पहुंचने में अक्सर छह से बारह वर्ष लग जाते हैं।

विदेशी कारोबार के लिए, ऐसे मुकदमेबाजी समयसीमा का अर्थ होता है अवरुद्ध परिसंपत्तियां, ब्याज देनदारियों का एकत्रित होना, और रणनीतिक गति की हानि। ऐसे में वास्तविक चुनौती भारत द्वारा कर अधिकारों को दोहराया जाना नहीं बल्कि नियमों की अस्पष्टता है। आधुनिक निवेश केंद्र केस दर केस निर्णय के आधार पर काम नहीं करते। सिंगापुर और नीदरलैंड जैसे देश स्थायी प्रतिष्ठान के लिए अवधि, गतिविधि के प्रकार और नियंत्रण की सीमा आदि को ध्यान में रखते हैं ताकि किसी प्रकार का मनमाना निर्णय नहीं लिया जा सके। भारत की मौजूदा अस्पष्टता बेहतरीन वैश्विक व्यवहारों से अलग है। इससे अनुपालन को लेकर अनिश्चितता बढ़ जाती है। इस बारे में नीति आयोग का वह प्रस्ताव रचनात्मक साबित हो सकता है जिसमें उसने विदेशी संस्थाओं के लिए एक वैकल्पिक अनुमानित कराधान योजना की बात कही है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 12 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1860 - ब्रिटेन और फ्रांस की सेना ने चीन की राजधानी बीजिंग पर क़ब्ज़ा जमाया।
- 1986 - 12 अक्टूबर - जनवरी 87 से आगामी 5 वर्षों के लिए जेवियर परेज द कुइयार सं.रा. संघ के महासचिव निर्वाचित।
- 1992 - मिस्त्र की राजधानी काहिरा में भूकंप से करीब 510 लोगों की मौत।
- 1997 - अल्जीरिया के सिदी दाउद में 43 लोगों का नरसंहार।
- 1999 - पाकिस्तान में सेना द्वारा तख्ता पलट के बाद जनरल परवेज मुशर्रफ़ सत्ता पर क़ाबिज़, संयुक्त राष्ट्र की गणना के अनुसार छ: अरबवाँ शिशु का सरायेवों में जन्म, अंतरिक्ष अन्वेषण यान गैलिलियो बृहस्पति ग्रह के ज्वालामुखीय चन्द्रमा आई.ओ.के. नजदीक पहुँचा।
- 2000 - अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी' फ़्लोरिडा से अंतरिक्ष में प्रक्षेपित।
- 2001 - संयुक्त राष्ट्र और उसके महासचिव कोफी अन्नान को संयुक्त रूप से नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई।
- 2002 -
- यूरोपीय पर्यवेक्षकों ने पाकिस्तान में सम्पन्न चुनावों में धांधली का आरोप लगाया।
- बाली के एक नाइटक्लब में आतंकवादी हमले में 202 लोगों की मौत।
- 2004 - पाकिस्तान ने गौरी-1 मिसाइल का परीक्षण किया।
- 2007 - अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति अलगोर व संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय पैनल (आईपीसीसी) को संयुक्त रूप से वर्ष 2007 का नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया।
- 2008 - रायबरेली के लालगंज में रेल कोच फैक्ट्री के लिए तीन माह पहले दी गई लगभग पाँच सौ एकड़ ज़मीन उत्तर प्रदेश सरकार ने वापस ली। केरल की सिस्टर अल्फोंसा भारत की पहली महिला संत बनी।
- 2013 - वियतनाम की एक पटाखा फैक्ट्री में बम धमाके से 15 लोगों की मौत।
- 2014 - इवो मोरालेस दोबारा बोलीविया के राष्ट्रपति चुने गए।
- 12 अक्टूबर को जन्मे व्यक्ति
- 1864 - कामिनी राय - प्रमुख बंगाली कवि, सामाजिक कार्यकर्ता और नारीवादी महिला थीं।
- 1888 - पेरीन बेन - पहले क्रांतिकारी और बाद में गाँधी जी की अनुयायी थीं।
- 1908 - आत्माराम- प्रसिद्ध वैज्ञानिक
- 1911 - विजय मर्चेन्ट - डॉन ब्रैडमैन के ज़माने के महान् भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी थे।
- 1919 - विजयाराजे सिंधिया - 'भारतीय जनता पार्टी' की प्रसिद्ध नेता थीं।
- 1935 - शिवराज पाटील, प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, पंजाब के राज्यपाल, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष।

## विशेष आलेख

# जनता बनाम वादे: क्या इस बार सच होगा 'बदलाव'?



राकेश शर्मा




बिहार की सियासी रणभूमि पर 2025 का विधानसभा चुनाव एक ऐतिहासिक तूफान लाने को तैयार है, जो न केवल सत्ता का फैसला करेगा, बल्कि बिहार की तकदीर को भी नया रंग देगा। 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में होने वाला यह महासंग्राम, 14 नवंबर को नतीजों के साथ, 243 सीटों और 7.42 करोड़ मतदाताओं के दम पर बिहार के भविष्य की दिशा तय करेगा। बेरोजगारी, पलायन, जातिगत जनगणना, महिला सशक्तिकरण और भ्रष्टाचार जैसे ज्वलंत मुद्दों पर एनडीए, महागठबंधन और जन सुराज पार्टी की रणनीतियां न सिर्फ मतदाताओं का दिल जीत रही हैं, बल्कि बिहार की दशकों पुरानी समस्याओं को हल करने का एक नया वादा भी पेश कर रही हैं। यह चुनाव सत्ता की कुर्सी से कहीं बढक़र है यह बिहार की उम्मीदों, आकांक्षाओं और बदलाव की जंग है। बिहार में 15प्रतिशत से अधिक बेरोजगारी दर और लाखों प्रवासी मजदूरों की पीड़ा हर चुनाव को प्रभावित करती है। एनडीए, जिसमें भाजपा और जेडीयू की जोड़ी अहम है, ने अपने संयुक्त घोषणापत्र में 10 लाख नौकरियों, स्किल यूनिवर्सिटी और औद्योगिक निवेश का भरोसा दिलाया है। भाजपा हिंदुत्व, अवैध घुसपैठ और महिला सुरक्षा के मुद्दों को जोडक़र शहरी और ऊपरी जाति के वोटरों को रिझा रही है, जबकि जेडीयू का सुशासन मॉडल सडक़ों, बिजली और सिंचाई के दम पर ग्रामीण इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। सर्वे एनडीए को 136-160 सीटों का अनुमान दे रहे हैं, लेकिन 2020 की 125 सीटों (भाजपा 74, जेडीयू 43) के बाद जेडीयू 25-31 सीटों तक सिमट सकती है। अगर एनडीए की रणनीति कामयाब रही, तो भाजपा बिहार में गुजरात मॉडल का परचम लहरा सकती है, लेकिन असफलता नीतीश कुमार की जेडीयू को सियासी हाशिए पर धकेल देगी, खासकर जब प्रशांत किशोर ने दावा किया है कि जेडीयू 25 सीटों से आगे नहीं बढ़ेगी।

तेजस्वी यादव की अगुवाई में महागठबंधन बेरोजगारी को सामाजिक न्याय के साथ जोडक़र एक नई लहर पैदा कर रहा है। आरजेडी का घोषणापत्र 10 लाख सरकारी नौकरियों और जातिगत जनगणना के आधार पर आरक्षण बढ़ाने का वादा करता है, जो 85त्न ओबीसी-एससी/एसटी आबादी को लुभाने की ताकत रखता है, खासकर तब जब 88प्रतिशत संपत्ति उच्च जातियों के पास है। कांग्रेस का अतिपिछड़ा न्याय संकल्प ईबीसी और दलितों के लिए विशेष पैकेज लेकर आया है, और प्रियंका गांधी की सभाओं में महिलाओं को यह संदेश दिया जा रहा है कि वे एनडीए के लाभ लें, लेकिन वोट महागठबंधन को दें। वामपंथी दल कर्जमाफी और ग्रामीण विकास पर जोर दे रहे हैं। 2020 में 110 सीटें (आरजेडी 75, कांग्रेस 19) जीतने वाला यह गठबंधन अब 100-105 सीटों की उम्मीद कर रहा है, लेकिन कांग्रेस की 55-70 सीटों की मांग से गठबंधन में दरारें साफ दिख रही हैं। अगर ये वादे हकीकत बने, तो तेजस्वी बिहार के सबसे युवा मुख्यमंत्री बनकर सामाजिक न्याय की नई क्रांति ला सकते हैं; वरना, महागठबंधन फिर से विपक्ष की बेंच गर्म करता दिखेगा।

प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने जातिगत जनगणना, शिक्षा सुधार और पलायन रोकथाम जैसे मुद्दों पर ताजा दृष्टिकोण पेश किया है। उनका पांच-सूत्री एजेंडा—शिक्षा, पलायन रोकथाम, महिला-किसान सशक्तिकरण, वृद्ध पेंशन (400 से 2000 रुपये) और उद्योग—5 लाख करोड़ के निवेश और शराबबंदी हटाकर राजस्व जुटाने पर केंद्रित है। 5000 किमी की बिहार बदलाव यात्रा ने युवाओं और ऊपरी जातियों में जोश भरा है। सर्वे में जन सुराज को 40 सीटों का अनुमान है, और सभी 243 सीटों पर 40 महिलाओं सहित 90त्न नए चेहरों के साथ यह पार्टी बिहार की सियासत को बहुध्रुवीय बनाने की ताकत रखती है। अगर जन सुराज 30-40 सीटें जीत लेती है, तो यह बिहार की राजनीति में भूचाल ला देगी, लेकिन असफलता प्रशांत किशोर की साख को गहरा झटका दे सकती है।

महिला सशक्तिकरण और भ्रष्टाचार इस चुनाव में केंद्रीय मुद्दे हैं। एनडीए की महिला रोजगार योजना महिलाओं को 10,000 रुपये मासिक सहायता और 2 लाख का ऋण प्रदान करती है, जो आर्थिक सशक्तिकरण का वादा करती है। दूसरी ओर, महागठबंधन आरक्षण और सुरक्षा को प्राथमिकता देता है, जबकि जन सुराज महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का दावा करता है। भ्रष्टाचार के मोर्चे पर तेजस्वी यादव का संस्थागत भ्रष्टाचार का आरोप एनडीए पर भारी पड़ रहा है। चुनाव आयोग के 100प्रतिशत वेबकास्टिंग जैसे 17 सुधार पारदर्शिता को बढ़ावा देंगे, लेकिन 3.5 लाख मतदाताओं के नाम हटने का विवाद मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है।

छठ पूजा के बाद प्रवासी मतदाताओं की वापसी और 12प्रतिशत वोट लीड एनडीए को बढ़त दे सकती है, लेकिन महागठबंधन की उभरती लहर और जन सुराज की ताजा अपील इसे कड़ी टक्कर दे रही हैं। एनडीए की जीत भाजपा को बिहार का नया राजनीतिक केंद्र बनाएगी, महागठबंधन की विजय सामाजिक न्याय को नई दिशा देगी, और जन सुराज की सफलता बिहार की सियासत को त्रिकोणीय बना देगी। यह चुनाव बिहार की आकांक्षाओं का निर्णायक मोड़ है क्या यह विकास और न्याय का मार्ग प्रशस्त करेगा, या वादों का धुंधलका यथावत रहेगा?

# स्वास्थ्य तंत्र की उदासीनता: एक परिवार की गवाही



अमीता शर्मा

*जून 2025 में, गुजरात के सुरेंद्रनगर के एक सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की पूरी अनुपस्थिति के कारण एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। यदि मुंशी प्रेमचंद अपनी कहानी 'कफन' का दूसरा अध्याय लिख रहे होते।*

कई बार हमारे चारों ओर इतनी अन्यायपूर्ण बातें घटती हैं कि मन चीख उठता है, पर हम चुप रह जाते हैं जैसे हम इंसान नहीं, मिट्टी के पुतले हों। शायद इसलिए कि सिस्टम से टकराते-टकराते हमारी आवाज़ कहीं खो गई है, या ठोकर खाकर भीतर ही समा गई है। यह केवल हमारे निजी अनुभव की नहीं, बल्कि पूरे समाज की वेदना, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की परीक्षा है।

अभी हाल ही में एक घटना ने मुझे भीतर तक झकझोर दिया। मेरे परिवार के एक बुजुर्ग सदस्य, जिनकी उम्र लगभग 73 वर्ष है, अचानक गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। रात के सन्नाटे में, आनन-फानन में परिवार उन्हें अस्पताल लेकर पहुँचा। उम्मीद थी कि वहाँ तुरंत इलाज शुरू हो जाएगा।

लेकिन अफ़सोस, रात ढाई बजे से लेकर सुबह 11 बजे तक कोई अनुभवी डॉक्टर मरीज की जांच के लिए उपलब्ध नहीं था। वहाँ केवल जूनियर स्टाफ और नर्सें थीं, जो अपनी ओर से कुछ करने की कोशिश कर रही थीं, पर जब सिस्टम ही सो रहा हो, तो उनकी कोशिशें भी नाकाफी लगती हैं।

यह केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की लापरवाही का चेहरा है। जहाँ ज़िंदगी और मौत के बीच झूलते मरीज़ बस इंतज़ार करते रह जाते हैं, और ज़िम्मेदार लोग संवेदनहीनता की चादर ओढ़े सोए रहते हैं।

अभी हाल ही में, जून 2025 में, गुजरात के सुरेंद्रनगर के एक सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की पूरी अनुपस्थिति के कारण एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। यदि मुंशी प्रेमचंद अपनी कहानी 'कफन' का दूसरा अध्याय लिख रहे होते, तो उनकी कहानी के पात्र होते एक सरकारी अस्पताल, एक नर्स, और पीडित का परिवार, जो खराब स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ अस्पताल प्रशासन से लड़ते-लड़ते अंत में थककर चुप हो जाता।

यूँ तो हम डॉक्टरों को भगवान मानते हैं, लेकिन हमारे ये भगवान आजकल अपने निजी मंदिरों में केवल अतिरिक्त चढ़ावे के साथ ही दर्शन देते हैं। यह बताना ज़रूरी नहीं कि यह चढ़ावा कौन-कौन दे सकता है। खासकर इस महँगाई के युग में, जहाँ हर पैसे का हिसाब और ज़िंदगी की कीमत पर खेल खेला जा रहा है। पहले के समय में जिस बीमारी को हमारे डॉक्टर नब्ज़ पकडक़र तुरंत पहचान लिया करते थे, उसके लिए आज के युग में दवा लिखने से पहले हज़ारों रुपये की जांचें करानी पड़ती हैं। मुझे नहीं पता, सुधार की शुरुआत कहाँ से की जाए, लेकिन यह निश्चित है कि बड़े सुधार की सख्त ज़रूरत है। केवल मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है; समय पर मरीज तक विशेषज्ञ की पहुँच, सतत निगरानी और जवाबदेही व्यवस्था की अनिवार्यता भी उतनी ही ज़रूरी है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हर मरीज के पीछे एक परिवार और उसकी उम्मीदें जुड़ी होती हैं। अगर सिस्टम को सच में सुधारना है, तो संवेदनशीलता और ज़िम्मेदारी को केवल शब्दों में नहीं, बल्कि हर रोज़ के कामकाज में लागू करना होगा। लेकिन मुझे लगता है कि अब मौन रहने से काम नहीं चलेगा, क्योंकि यह हमारे परिवार के सदस्य की ज़िंदगी का सवाल है। मेरा आप सभी से विनम्र निवेदन है कि यदि आपात स्थिति में कोई डॉक्टर अपने कर्तव्य के पालन में लापरवाह या अनुपस्थित पाया जाता है।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान



सुश्री रिया डाबी
(आईएएस अधिकारी)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं देश की युवा आईएएस अधिकारी और एक डायनेमिक ऑफिसर सुश्री रीया डाबी

12 जुलाई सन 1998 को दिल्ली में जन्मी रिया शुरू से ही होनहार रही हैं।

बीए.ऑनर्स राजनीति विज्ञान से करने के बाद अपनी बहन के नक्शे कदम पर चली और वो भी आईएएस बन गई। आज मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् .कम. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ईजीएस एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी माडा उदयपुर पद को सुशोभित कर रही हैं। इससे पूर्व उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, गिर्वा उदयपुर रही। उससे पहले सहायक कलक्टर प्रशिक्षणाधीन अलवर रही हैं। ये देश की मशहूर आईएएस टीना डाबी की छोटी बहन रिया डाबी हैं इन्होने साल 2020 में यूपीएससी परीक्षा क्रैक कर परिवार का मान बढ़ा दिया था, वे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और उनके फॉलोअर्स की संख्या लाखों में है आईएएस रिया डाबी राजस्थान कैडर में तैनात हैं उनकी स्कूल-कॉलेज लाइफ और सक्सेस मंत्र एक ही है कि मेहनत का कोई सानी नहीं। यूपीएससी परीक्षा में सफल हो पाना आसान बात नहीं होती है, वह भी एक ही परिवार की दोनों बेटियों का आईएएस ऑफिसर बन जाना भी बहुत बड़ी बात है, आईएएस टीना डाबी और आईएएस रिया डाबी सगी बहनें हैं। अपनी बहन के एज्यूकेश्न अनुभवों की मदद से रिया आईएएस बन देश की सेवा कर रही हैं। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

– रूपक शर्मा

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# हाई कोलेस्ट्रॉल को तेजी से कम करेंगे ये योगासन, दिल की बीमारियों से होगा बचाव

शरीर में कोलेस्ट्रॉल का बढ़ा हुआ स्तर चिंता का एक विषय है क्योंकि इसके कारण हार्ट और स्ट्रोक जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल, हमारे शरीर में दो तरह के कोलेस्ट्रॉल होते हैं, पहला गुड कोलेस्ट्रॉल और दूसरा बैड कोलेस्ट्रॉल। बैड कोलेस्ट्रॉल शरीर के लिए हानिकारक होता है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढने पर यह नसों में जमने लगता है और धमनियों को ब्लॉक कर देता है। इसके कारण स्ट्रोक, हार्ट अटैक और अन्य गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में, शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करना बहुत जरूरी हो जाता है। इसके लिए आपको अपने खानपान और जीवनशैली में सुधार करना चाहिए। इसके अलावा, योग भी शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में बहुत मददगार साबित हो सकता है।

**-भुजंगासन**

इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। अपनी कोहनियों को कमर से सटा के रखें और हथेलियां ऊपर की ओर रखें। अब धीरे-धीरे सांस भरते हुए, अपनी छाती को ऊपर की ओर उठाएं। उसके बाद अपने पेट को धीरे-धीरे ऊपर उठा लें। इस स्थिति में 30 सेकंड तक रहें। अब सांस छोड़ते हुए, सिर को धीरे-धीरे जमीन की ओर नीचे लाएं। इस प्रक्रिया को आप 3 से 5 बार दोहराएं।

**-अर्ध मत्स्येन्द्रासन**

इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर बैठें और अपने बाएं पैर को दाहिने पैर के नीचे रखें। दाहिने पैर को बाएं घुटने के पार रखें। बाएं हाथ को दाहिने घुटने पर रखें और दाहिने हाथ को पीछे की ओर रखें। अब शरीर को दाहिनी ओर मोड़ें और इस स्थिति में कुछ सेकंड तक रहें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। जमीन जायदाद से जुड़ा कोई मामला दूर होगा।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। मित्रों के साथ आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। जीवनसाथी को कामों में कुछ मुश्किल आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए बहुत ही सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप बिजनेस में फायदे को लेकर ज्यादा धन जुटा पाएंगे। घूमने फिरने के दौरान आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए मेहनत और लगन से काम करने के लिए रहेगा। आपको कामों से एक नई पहचान बनेगी। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी, क्योंकि वह आपको कोई नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। आपको वाणी और व्यवहार पर थोड़ा संयम रखना होगा।

**सिंह**

आज आप अपने रुके हुए कामों को करने में तेजी लाएंगे, जिस कारण आप काफी व्यस्त रहेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का आपको सम्मान करना होगा।

**कन्या**

आज आपकी कला और कौशल में सुधार आएगा। भविष्य को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने की सोचेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। संतान से आपकी किसी बात को लेकर बहसबाजी हो सकती हैं।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको पिछले चली आ रही समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलेगी, जिसमें आप लापरवाही बिल्कुल ना करें। परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। विद्यार्थियों की कुछ नया करने की इच्छा जागृति हो सकती है।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप कार्यक्षेत्र में अपनी योजनाओं में कुछ बदलाव कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। पार्टनरशिप में आप थोड़ा सोच समझकर करें और ऑफिस में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में बढिय़ा रहने वाला है। आपके किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

**मकर**

आज आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं पर पूरी निगरानी बनाकर रखे। कार्यक्षेत्र में आपको मनपसंद काम मिल सकता है और आप अपने किसी मित्र की मदद के लिए भी आगे आएंगे। किसी सरकारी मामले को लेकर आप लापरवाही ना दिखाएं।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी मेहनत अधिक होगी और आपके कुछ मित्रों भी साथ देंगे, जिससे आपको एक नई पहचान मिलेगी।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए किसी नए व्यवसाय को शुरू करने के लिए अच्छा रहेगा। भाई- बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। परिवार में भी आज माहौल खुशनुमा रहेगा, क्योंकि सभी सदस्यों में एकजुटता बनी रहेगी।

## दक्षिण पश्चिमी राजस्थान में जमकर मेहरबान रहा मानसून, इस बार सबसे ज्यादा दिन तक छलकने का रिकॉर्ड टूटा

# बीसलपुर डेम के गेट बंद करने का काउंटडाउन हो गया शुरू

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** जयपुर की लाइफलाइन बीसलपुर डेम में पानी की बंपर आवक होने से डेम ने इस साल सबसे ज्यादा दिनों तक छलकने का रिकॉर्ड बना दिया है। शनिवार को डेम से लगातार 79 वें दिन भी पानी की निकासी जारी रही। राजस्थान में दक्षिण पश्चिमी मानसून इस बार जमकर मेहरबान हुआ। जयपुर की लाइफलाइन बीसलपुर डेम में पानी की बंपर आवक होने से डेम ने इस साल सबसे ज्यादा दिनों तक छलकने का रिकॉर्ड बना दिया है। शनिवार को डेम से लगातार 79 वें दिन भी पानी की निकासी जारी रही। हालांकि अब त्रिवेणी से डेम में पानी की आवक धीमी हो गई है जिसके कारण आगामी तीन चार दिन में संभवतया डेम के खुले एकमात्र गेट को भी बंद कर दिया जाएगा।



### दूसरी बार सर्वाधिक मात्रा में पानी निकासी के रिकॉर्ड के नजदीक

बीसलपुर डेम ने इस बार वर्ष 2019 के सर्वाधिक 64 दिनों तक छलकने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। शनिवार को डेम 79वें दिन भी छलकता रहा। हालांकि इस बार डेम अपने सर्वाधिक मात्रा में पानी की निकासी के वर्ष 2016 के रिकॉर्ड से पीछे रह गया है। वर्ष 2016 में बीसलपुर डेम से 134.238 टीएमसी पानी की निकासी हुई जबकि आज तक डेम से करीब 128 टीएमसी पानी की निकासी हो चुकी है। अगले कुछ दिन और डेम से पानी की निकासी का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। अब तक डेम से जितनी मात्रा में पानी की निकासी हुई है उससे डेम को चार बार भरा जा सकता है।

### त्रिवेणी से हो रही पानी की धीमी आवक

बीसलपुर डेम में पानी की आवक में सहायक त्रिवेणी,खारी और डाई नदी से होती है। खारी और डाई नदी से पानी की आवक लगभग बंद हो गई है लेकिन त्रिवेणी से अब भी पानी की आवक धीमी गति से बांध में हो रही है। जिसके कारण डेम के एक गेट को एहतियात के तौर पर खोलकर पानी की निकासी की जा रही है।

### तीन हजार क्यूसेक पानी की निकासी

बीसलपुर डेम के गेट संख्या 9 को अभी जल संसाधन विभाग ने आधा मीटर तक खोलकर पानी की निकासी जारी रखी है। खुले गेट से 3 हजार क्यूसेक पानी प्रति सेकंड नहरों में छोड़ा जा रहा है। डेम में पानी की आवक कम होने के साथ ही गेट की उंचाई भी कम करने की प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं आगामी दिनों में स्थानीय मौसम तंत्र सक्रिय होने पर यदि बारिश हुई तो डेम के खुले गेट को बंद करने की कार्रवाई कुछ दिन और आगे खिसक सकती है। डेम का शनिवार को जलस्तर 315.50 आरएल मीटर पर स्थिर है।

## कलेक्टर ने दिए कम प्रगति वाले चिकित्सा अधिकारियों को शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर कानाराम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक शनिवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग कि विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और अभियानों की प्रगति की बारीकी से समीक्षा कर मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, ईकेवाईसी कार्य में संतोषजनक प्रगति नही होने के कारण, जिला समन्वयक मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना को कार्य से हटाने के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही उन्होंने एनसीडी कार्यक्रम में 30 प्रतिशत से कम प्रगति वाले संस्थानों चौथ का बरवाडा, भूरी पहाड़ी, बालेर, यूपीएचसी मानटाउन, हिंगोटिया, सिटी, शेषा, लोरवाड़ा, सूरवाल को कारण बताओ नोटिस, 70 प्रतिशत से कम एएनसी पंजीकरण करने वाले संस्थानों भाडोती, खिरणी, ईसरदा, लोरवाड़ा, जाटवाड़ा कला, शिवाड़, बहरावड़ा कला, यूपीएचसी सिटी, हिंगोटिआ, बजरिया को करण बताओ नोटिस, तीन एएनसी में कम प्रगति पर ब्लॉक मलारना डूंगर व बौंली को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. शिशिर बैरवा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. अमित सोनी, आरसीएचओ डॉ. रुकम केश मीना, जिला स्तरीय अधिकारी, समस्त, बीसीएमओ, पीएमओ, सीएचसी, पीएचसी इंचार्ज, हेल्थ पार्टनर प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# भतीजी से संबंध बनाता था चाचा, गर्भ निरोधक गोलियां भी खिलाई

### रेप मामले में कोर्ट ने सुनाई बड़ी सजा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी(राकेश शर्मा)।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में अपर सेशन न्यायाधीश संख्या-2 ने बलात्कार के एक मामले में सुनवाई करते हुए दोषी को दस साल के कठोर कारावास व अर्थदंड से दंडित किया है। पीडित्रा अभियुक्त की रिश्ते में भतीजी लगती हैं।

अपर लोक अभियोजक संख्या-2 घनश्याम सिंह ने बताया कि न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस व दलीलें सुनने के बाद तथ्यों के आधार पर भारतीय दंड संहित की धारा 376 के तहत दोष सिद्ध पाए जाने पर अभियुक्त को दस साल के कठोर कारावास व एक लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

**कोर्ट ने की यह टिप्पणी :** कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि अभियुक्त जो



पीडित्रा का परिवारिक सदस्य चाचा है। उसने विश्वास और स्नेह का घोर दुरुपयोग किया है। पीडित्रा के कथन इस बात का सशक्त प्रमाण हैं कि इस कृत्य के बाद वह मानसिक रूप से टूट चुकी है।

न्यायालय का मत है कि ऐसा अपराध न केवल व्यक्ति अधिकारों का उल्लंघन करता है, बल्कि समाज की नैतिकता एवं पारिवारिक संरचना को भी चोट पहुंचाता है। अभियुक्त का कृत्य अत्यंत घृणित, निंदनीय और कठोरतम दंड का पात्र है। ऐसे में अभियुक्त के प्रति किसी प्रकार की नरमी का रूख अपनाया जाना वांछित नहीं है।

**ये है मामला**

गंगापुरसिटी के एक थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने थाने में 3 अप्रेल 2015 को दी रिपोर्ट में बताया कि वह बीएससी फर्स्ट ईयर की छात्रा रही हैं। उसके साथ अभियुक्त ने जबर्दस्ती यौन संपर्क बनाए। उसके साथ आठवीं कक्षा से अभियुक्त छेडख़ानी करता रहा। अभियुक्त रिश्ते में उसका चाचा लगता है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी चाचा उसे गर्भ निरोधक गोलियां लाकर देता था। गोलियां लेने से मना करने पर बदनाम करने की धमकी देता था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। बाद अनुसंधान पुलिस ने न्यायालय में धारा 376 के तहत चालान पेश किया। अब इस मामले में कोर्ट ने आरोपी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

## बल्ले-बल्ले: शिक्षा विभाग का निर्णय, 13 से 24 तक रहेगी दिवाली की छुट्टी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** राजस्थान के सरकारी स्कूलों में दीपावली अवकाश का इंतजार खत्म होने जा रहा है। रविवार से प्रदेशभर में दीपावली अवकाश की शुरुआत हो जाएगी। शिक्षा विभाग के आदेशों के अनुसार, इस बार दीपावली का अवकाश 13 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक रहेगा। यानी कुल 12 दिन की मिड टर्म छुट्टियां छात्रों और शिक्षकों के लिए खुशियों का तोहफा लेकर आई हैं। हालांकि 12 अक्टूबर का रविवार होने के कारण स्कूलों में अवकाश आज से यानी 12 अक्टूबर से ही शुरू हो जाएंगे।




पहले यह अवकाश 16 से 27 अक्टूबर तक तय किया गया था, लेकिन राज्य सरकार ने त्योहारों के बीच तालमेल को देखते हुए इसे तीन दिन पहले शुरू करने का निर्णय लिया। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने बताया कि यह निर्णय शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निर्देशानुसार लिया गया है, ताकि विद्यार्थी अपने परिवारों के साथ त्योहार का पूरा आनंद ले सकें। इस बदलाव से सेकंड टेस्ट की तारीखों में भी फेरबदल किया गया है। पहले यह परीक्षाएं 13 से 15 अक्टूबर तक प्रस्तावित थीं, अब इन्हें 25 से 28 अक्टूबर के बीच आयोजित किया जाएगा। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को घर पर सुरक्षित रहते हुए त्योहार मनाने और दीपावली के बाद पूरे उत्साह से पढ़ाई शुरू करने की सलाह दी। इस बदलाव से छात्र, अभिभावक और शिक्षक सभी प्रसन्न हैं, क्योंकि अब दीपावली की रौनक के बीच सभी को परिवार और सामाजिक उत्सवों में भाग लेने का पर्याप्त समय मिल सकेगा।

## जीवन में हमेशा निडर एवं साहसी बनें : मिश्रा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में रानी लक्ष्मी बाई केन्द्र में संचालित आत्मरक्षा प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य एवं रानी लक्ष्मी बाई केन्द्र संयोजिका डॉ. प्रीति जैन ने बताया कि समापन समारोह शुभारंभ मुख्य अथिति पुलिस उपाधीक्षक मृत्युजंय मिश्रा ने माँ सरस्वती का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया। विषिष्ट अतिथि डॉ. दीपकराज जैन ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक मिश्रा ने बालिकाओं के प्रशिक्षण की प्रसंशा करते हुए उन्हें जीवन में हमेंशा निडर एवं साहसी बनने हेतु प्रेरित किया। उन्होने उन्हें विश्वास दिलाया कि यदि पुलिस की आवश्यकता हो तो वह उनके सहयोग के लिए सदेव तत्पर है। विषिष्ट अतिथि डॉ. दीपकराज जैन ने कहा कि आत्मविश्वास एवं निडरता ही हमें अन्याय के खिलाफ लडने की शक्ति प्रदान करता है। इस दौरान बालिकाओं ने वार्मअप, किक, पंच, ब्लॉक, पछाड और गिराने के तरीके आदि का शानदार प्रर्दशन किया।

### शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान

## 450 किलो मूंगफली तेल किया सीज, नमूने लिए



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इसके प्रदेश भर में लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। मिलावट खोरो के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। राज्य सरकार की मंशा अनुरूप शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों के लगातार नमूने भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर श्रीमती कल्पना अग्रवाल के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा गठित टीम द्वारा स्वास्तिक ट्रेडर्स देवली के गोदाम पर छापा मारकर मूंगफली तेल श्री पार्वती स्वास्तिक ब्रांड का नमूना लेकर शेष बचे हुए लगभग 448 किलोग्राम तेल को मिलावट का आदेश होने के कारण जांच रिपोर्ट आने तक नियमानुसार सीज कर विक्रेता की सुरक्षित अभिरक्षा में सँभलवाया। इसी के साथ चंदू ट्रेडर्स बस स्टैंड देवली से पान मसाला विमल, लाल मिर्च पाउडर, घी का नमूना लिया, जैन दूध डेयरी से मिक्स मिल्क, पनीर का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुजर ने बताया कि जांच रिपोर्ट में मिलावट पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी। दीपावली के त्यौहार तक अभियान जारी रहेगा।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियों का जन्मोत्सव, विधायक गुर्जर ने वितरित किए बेबी किट्स



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग टोंक के निर्देशानुसार शनिवार को जिले की विभिन्न पंचायत समितियों में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम एवं बेटी जन्मोत्सव आयोजित किए गए। उनियारा ब्लॉक की पंचायत समिति अलीगढ़ में ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान आयोजित कार्यक्रम में देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने 1 से 2 वर्ष की 10 बालिकाओं का फूलमाला से स्वागत कर बेबी किट्स और लाडो योजना संकल्प पत्र वितरित किए। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के अस्तित्व और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में बीडीओ शंकर मेघवाल, तहसीलदार नरेन्द्र तसेरा, सरपंच साबिया बी, सीडीपीओ गरिमा शर्मा, और अन्य अधिकारियों का सहयोग रहा। इसी क्रम में टोंक शहर, टोडारायसिंह के भावता गांव एवं निवाई ब्लॉक की हनोतिया पंचायत में भी 10 से 20 बालिकाओं के जन्मोत्सव मनाए गए।पर्यवेक्षक प्रज्ञा मोटवानी ने महिला अधिकारिता विभाग की योजनाओं जैसे शिक्षा सेतु, उद्यम प्रोत्साहन योजना, लाडो योजना आदि की जानकारी दी।

## सट्टा खेलते आधा दर्जन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**निवाई (का.स.)।** निवाई थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ व सटटा खेलते पाए जाने पर आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 6 हजार 60 रूपए की नकद राशि व ताश-पत्ती जब्त की है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर जुआं व सटटा खेलते पाए जाने पर आरोपी राजूलाल पुत्र नरेन्द्रकुमार जैन निवासी मायला कुण्ड निवाई, सुरेश पुत्र रतनलाल मीणा निवासी हिंगोटिया, रामनिवास पुत्र लक्ष्मण मीणा निवासी देवरी, बजरंगलाल पुत्र फैलीराम मीणा निवासी हिंगोटिया, शकील पुत्र रमजान खां निवासी सीताबाडी श्याम कॉलोनी टोंक रोड जयपुर व नाथूलाल पुत्र रामप्रसाद रैगर निवासी टोंड मलारना डूंगर जिला सवाईमाधोपुर को गिरफ्तार किया है। जिनसे 6 हजार 60 रूपए की नकद राशि व ताश-पत्ती जब्त की है।

## सातवें 5 दिवसीय अखिल भारतीय कैलीग्राफी आर्ट फेस्टिवल, वर्कशॉप एवं प्रदर्शनी का समापन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** मौलाना अबुल कलाम आज़ाद अरबी फ़ारसी शोध संस्थान टोंक मे चल रहे पांच दिवसीय अखिल भारतीय कैलीग्राफी आर्ट फेस्टिवल, वर्कशॉप एवं प्रदर्शनी का समापन समारोह दिनांक 11 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला कोषाधिकारी टोंक श्री हरीश कुमार लालावत रहे। समापन समारोह की अध्यक्षता बेंगलुरू से पधारे विख्यात कैलीग्राफिस्ट श्री मुख्तार अहमद ने की एवं विशिष्ट अतिथि श्री खुर्शीद आलम रहे। मुख्य अतिथि महोदय श्री हरीश कुमार लालावत ने कैलीग्राफी आर्ट कला में अपनी रूचि के बारे में बताते हुए कहा की इस कला को आगे बढ़ाने मे जो भी हर संभव प्रयास किए जाएं उसमें उनका पूर्ण सहयोग संस्थान को प्राप्त होगा। इस अवसर पर देश के विभिन्न स्थानों से आए कैलीग्राफिस्ट एवं कैलीग्राफी कला सीख रहे छात्र-छात्राएं और शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## वीर तेजा सेना टोंक जिला अध्यक्ष पद पर शंकरलाल चौपड़ा हुए मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** वीर तेजा सेना राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष श्रीराम बिजारणियां ने प्रदेश महामंत्री सचिन पिलानिया की अनुशंसा पर टोंक जिलाध्यक्ष पद पर शंकरलाल चौपड़ा को मनोनीत किया है। प्रदेशाध्यक्ष बिजारणियां ने बताया कि गौरवशाली जाट समाज की परंपरा, प्रतिष्ठा और बलिदान की भावना को सर्वोपरि रखते हुए टोंक निवासी शंकरलाल चौपड़ा ने समाज के प्रति सदैव उत्कृष्ट सेवाएं दी हैं। वीर तेजा सेना संगठन के प्रति उनकी आस्था, निष्ठा और समर्पण भावना को देखते हुए उन्हें जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई



है। शंकरलाल चौपड़ा को वीर तेजा सेना का टोंक जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर समाज के अनेक गणमान्यजनों रमेश संडीला, रामप्रसाद चोपड़ा, राजेंद्र पालड़ी, भेरूलाल डारडा, चरणसिंह देवली, मुकेश खादवाल, गिरिराज डाबला, कजोड़ जाट, दौलतसिंह चौधरी, राकेश पालड़ी और रामप्रसाद चोपड़ा वजीरपुरा आदि ने हर्ष व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी।

### खुशखबर: भारतीय सांख्यिकी के आंकड़े जारी

# मनरेगा में रोजगार उपलब्ध कराने में राजस्थान देश में अव्वल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** दीपावली से पहले अच्छी खबर आई है। मनरेगा में राजस्थान ने देश में सबसे अधिक रोजगार उपलब्ध कराने में कीर्तिमान स्थापित किया है। देश में राजस्थान ने 36.4 करोड़ व्यक्ति-दिवस का रोजगार सृजित किया है। यह यह उपलब्धि यह भी दर्शाती है कि मनरेगा, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में कितना प्रभावी साबित हो रहा है। भारतीय सांख्यिकी के जारी आंकड़ों से इसका खुलासा हुआ है।

**राजस्थान**

2022-23 - 35.61 करोड़ मानव दिवस सृजित
2021-22 - 42.42 करोड़
2020-21 - 46.05 करोड़
2019-20 - 32.86 करोड़
**(मनरेगा एमआईएस रिपोर्ट)**



**यह है मनरेगा**

मनरेगा यानी की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की शुरुआत साल 2005 में की गई थी। इस योजना को यूपीए सरकार 2005 में लेकर आई थी। यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत आती है। यह रोजगार गारंटी योजना हैं और इसके तहत सरकार ने एक न्यूनतम वेतन तय करती है, जिस पर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को काम पर रखा जाता है। इसमें तालाब, गड्ढे खोदने, नालियां बनाने आदि काम शामिल होते हैं। इसमें सालभर में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाती है। इसके अतिरिक्त कुछ विशेष परिसिथतियां भी हैं।

### देश में दूसरा नम्बर उत्तर प्रदेश

मनरेगा यानि की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की शुरुआत साल 2005 में की गई थी। इस योजना को यूपीए सरकार 2005 में लेकर आई थी। तब से यह लगातार अपने लक्ष्य में सफल हो रही है। आंकड़ों के अनुसार इसके बाद देश में दूसरा नम्बर उत्तर प्रदेश का आता है। जिसने 34.7 करोड़ व्यक्ति-दिवस रोजगार सृजित किए हैं। 32.2 करोड़ व्यक्ति-दिवस रोजगार सृजन के साथ पश्चिम बंगाल तीसरे नम्बर पर विराजमान है।

### इन राज्यों ने भी किया बढ़िया प्रदर्शन

आंकड़ों के अनुसार इसके बाद मध्य प्रदेश 31.8 करोड़, बिहार 28.5 करोड़, ओडिशा 24.3 करोड़ और छत्तीसगढ़ 21.6 करोड़ व्यक्ति-दिवस रोजगार सृजन के साथ इन राज्यों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

**राजस्थान में मनरेगा की मजदूरी 266 प्रतिदिन :** राजस्थान में मनरेगा की मजदूरी ?66 प्रतिदिन है। यह 1 अप्रैल, 2024 से प्रभावी है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2023-24 में मजदूरी की दरों में सबसे अधिक बढ़ोतरी राजस्थान में की गई थी। इस बढ़ोतरी के बाद वर्ष 2023-24 में मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी 255 रुपए हो गई थी। वर्ष 2022-23 में 231 रुपए मनरेगा मजदूरी थी।

## पीएम धन धान्य कृषि योजना को लेकर हुई कार्यशाला

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** वनस्थली विद्यापीठ के कृषि विज्ञान केंद्र में पीएम धन धान्य कृषि योजना व दलहन आत्मनिर्भरता मिशन कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें किसान महापंचायत के अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान के नेतृत्व में गावं पलेई के महिला पुरुष किसानों ने भाग लिया। अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि कार्यशाला में पीएम धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन, कृषि अवसंरचना कोर्स, पशुपालन व मत्स्य पालन एवं खाद्य संरक्षण क्षेत्र योजना का शुभारंभ किया गया। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को रबी की फसल के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं उनके नुकसान के बचाव बताए। इस अवसर पर कई किसान मौजूद थे।

## 'भारत गौरव गाथा' जैसे कार्यक्रम भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव को देते है बढ़ावा - वन राज्यमंत्री शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने शनिवार को प्रताप ऑडिटोरियम में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अलवर शाखा एवं आस्था साहित्य संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित देशभक्ति और भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत संगीतमय नाट्य प्रस्तुति कार्यक्रम 'भारत गौरव गाथा' का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया।

इस दौरान क्षेत्रीय प्रचारक श्री निंबाराम, ब्रिगेडियर मिलिंद आर व्यास, जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी मौजूद रहे। वन राज्य मंत्री शर्मा ने कहा कि देशभक्ति और भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत संगीतमय नाट्य प्रस्तुति कार्यक्रम 'भारत गौरव गाथा' के लिए कवियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देते है। कार्यक्रम में 1947 से पहलगांव तक की घटना का वृतांत देशभक्ति और भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत संगीतमय नाट्य प्रस्तुति कार्यक्रम के रूप में कवियों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिस पर उपस्थित सभी स्त्रोताओं ने गर्व की अनुभूति कर भारत माता की जय के जयकारे लगाकर कवियों वीररस कवि विनीत चौहान एवं देशराज मीना का उत्साहवर्धन किया। मंच संचालन गिरीश गुप्ता एवं मनीष जैन ने किया।

इस दौरान बलबीर सिंह करूण, पंडित धर्मवीर शर्मा, डॉ. वीके अग्रवाल, डॉ. मंजू अग्रवाल, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी शाखा अलवर के चौयरमेन डॉ. एच.सी मित्तल, डॉ. रूप सिंह, कुलदीप आर्य, नीरज कुमार, प्रवीण शुक्ला, संजय झाला, श्रवण चौधरी, बाबूलाल झालानी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

## नेताजी के सम्मान में मांनशी मार्किट के व्यापारी मैदान में, व्यापारीयों ने जताया नेताजी का आभार



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित मांनशी मार्किट के व्यापारीयों ने व्यापार मण्डल के व्यापारी मुकेश सैनी नेताजी का आभार जताया है।नेताजी का आभार जताते हुए उन्हें फूल माला व साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया है। व्यापारीयों ने बताया कि मुकेश सैनी नेताजी की बदौलत मांनशी मार्किट में रोड़ लाईट की व्यवस्था हो सकी है। वहीं मुकेश सैनी नेताजी ने कहा कि यह सम्मान मेरा नहीं नगर पालिका प्रशासन का होना चाहिए। उन्होंने नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी विशाल यादव और प्रशासक अनुराग हरित का आभार जताते हुए कहा कि दोनों अधिकारी अच्छे और सरल स्वभाव के हैं। वे नगर पालिका क्षेत्र के वासियों की पीड़ाओं को अच्छे से समझते हैं। उनके कार्यकाल में सभी व्यवस्थाएं चुस्त और दुरुस्त हैं। मैं ह्रदय की गहराइयों से दोनों अधिकारीयों का मांनशी मार्किट के व्यापारीयों की ओर से धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूँ।जिनकी बदौलत मांनशी मार्किट में रोडलाइट का प्रकाश नजर आया।

## लायंस क्लब द्वारा अन्नपूर्णा भोजन प्रसादी वितरण कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** प्रांतीय सेवा सप्ताह के अंतर्गत लायंस क्लब राजगढ़ द्वारा स्थानीय नवीन बस स्टैंड राजगढ़ पर अन्नपूर्णा भोजन प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक जगदीश सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धन गाडियां लुहार परिवारों एवं अन्य जरूरतमंद परिवारों को भोजन कराया गया एवं उनके बच्चों को कॉपी पेन सहित अन्य स्टेशनरी का वितरण किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सचिव भूपेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष रामनिवास मीणा,सह संयोजक संजय राजस्थानी, खेम सिंह आर्य,एन एल वर्मा, जिनेंद्र जैन,दुष्यंत आर्य एवं जुगनू सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कांग्रेस नेता नरेंद्र मीणा के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर में 143 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** अलवर के जगन्नाथ मंदिर के सामने कांग्रेस नेता नगर निगम के पूर्व प्रतिपक्ष नेता व पार्षद नरेन्द्र मीणा के जन्मदिन के अवसर पर अलवर ब्लड बैंक के तत्वधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार बताया कि रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शिविर में कुल 143 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। बाद में रक्तदाताओं को नेता प्रतिपक्ष नरेन्द्र मीना, व कार्यक्रम में पधारे कांग्रेस नेताओं ने स्मृति चिन्ह, डोनर प्रणाम पत्र देकर सम्मानित किया गया। नरेंद्र मीणा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की मृत्यु निश्चित हैं, लेकिन कई लोगो की मृत्यु दुर्घटनाओं एवं अन्य बीमारी के दौरान रक्त की कमी से होती है। ऐसे में रक्तदान के द्वारा मनुष्य को अकाल मृत्यु से बचाया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक शारीरिक रूप से सक्षम व्यक्ति को जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए, जिससे पुण्य की प्राप्ति भी होती है। इस दौरान सैकड़ों की तादाद में लोग मौजूद रहे।

### ग्राहक परेशान, नियमों की उड़ रही धज्जियां

# बुकिंग के दस दिन बाद भी नहीं पहुंच रहा गैस सिलेंडर

बढ़ता राजस्थान

**निमाज(ईश्वर सिंह सूर्यवंशी)।** कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में इंडेन गैस उपभोक्ताओं को सिलेंडर की डिलीवरी के लिए भारी इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे त्योहारी सीजन में उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की है कि ऑनलाइन बुकिंग के दस दिन बाद भी गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं हो पा रही, जबकि बुकिंग के समय कंपनी की ओर से अगले ही दिन डिलीवरी का संदेश भेजा जाता है। गैस की किल्लत के कारण उपभोक्ताओं को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह-सुबह गैस एजेंसी कार्यालय के बाहर सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतारें लग जाती हैं। काफी मशक्कत के बाद ही उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर मिल पा रहा है।



**उपभोक्ताओं की पीड़ा:** स्थानीय उपभोक्ताओ ने बताया कि उन्होंने इंडेन मोबाइल ऐप, वेबसाइट या अन्य माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया के तहत बुकिंग की और ऑनलाइन भुगतान भी कर दिया, लेकिन डिलीवरी एजेंट द्वारा सिलेंडर नहीं पहुंचाया गया। गैस खत्म होने से उन्हें मजबूरी में लकड़ी या इंडक्शन चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी और हेल्पलाइन नंबर पर बार-बार संपर्क करने के बावजूद सिर्फ डिलीवरी जल्द होगी का जवाब मिलता है, परंतु सिलेंडर आता नहीं।

**ये है नियम:** गैस कंपनी के नियमों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में अधिकतम 3 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 7 दिन के भीतर घरेलू एलपीजी सिलेंडर की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके बावजूद रायपुर मारवाड़ क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 10 दिन या उससे अधिक इंतजार करना पड़ रहा है, जो कंपनी के नियमों की सीधी अवहेलना है।

### जिला रसद अधिकारी बोले

अब्दुल सादिक, जिला रसद अधिकारी, ब्यावर ने बताया कि गैस रिफिल की ऑनलाइन बुकिंग एवं भुगतान के पश्चात एजेंसी धारक को अधिकतम तीन दिन के भीतर उपभोक्ता को घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई देना अनिवार्य है। यदि उपभोक्ताओं को दस-दस दिन तक भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है, तो संबंधित एजेंसी से वार्ता कर व्यवस्था में सुधार कराया जाएगा। एजेंसी संचालकों को नियमों का कड़ाई से पालन करने एवं समय पर गैस वितरण सुनिश्चित करने के लिए पाबंद किया जाएगा।

## जैतारण में उप जिला चिकित्सालय का भूमि पूजन, चिकित्सा सुविधाओं में होगा विस्तार

बढ़ता राजस्थान



**निमाज (ईश्वर सिंह सूर्यवंशी)।** जैतारण शहर के बांजाकुड़ी मार्ग पर प्रस्तावित राजकीय उप जिला चिकित्सालय के नवीन भवन का भूमि पूजन शुक्रवार को केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने रास मंडी के संत नारायणनाथ महाराज एवं गीता भवन अन्न क्षेत्र आश्रम के रामस्नेही संत हरिराम दास के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पं. बाबूलाल गौड़ द्वारा विधि-विधान से किया। उप जिला चिकित्सालय भवन का शिलान्यास हाल ही में 30 सितम्बर को मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा किया गया था।

कार्यक्रम में मंत्री गहलोत ने कहा कि बढ़ती आबादी के साथ जैतारण में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता है। करीब 35 करोड़ रुपये की लागत से 18 माह में आधुनिक सुविधायुक्त उप जिला चिकित्सालय का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान चिकित्सालय परिसर में भी 50 लाख रुपये की लागत से अतिरिक्त निर्माण कार्य कराया जाएगा। गहलोत ने कहा कि जैतारण के समग्र विकास के लिए 220 केवी जीएसएस 118 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है तथा 8 करोड़ रुपये की लागत से खेल अकादमी निर्माणाधीन है। हॉकी स्टेडियम के लिए भी शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा, अब हमारी सबसे बड़ी आवश्यकता मीठे पानी की है, और बिसलपुर बांध का पानी जैतारण क्षेत्र तक लाना हमारी प्राथमिकता रहेगी।

मुख्य जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत ने बताया कि अब तक यहां 30-35 कार्मिक कार्यरत थे, जबकि उप जिला चिकित्सालय बनने के बाद 85 से 100 तक का चिकित्सकीय व सहायक स्टाफ नियुक्त किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। समारोह में प्रधान मेघाराम सोलंकी, रायपुर प्रधान कमला चौहान, श्री सीमेंट इकाई एचआर हेड ज्योति पुरोहित, शिक्षाविद नाथुराम गहलोत, तहसीलदार ओम अमृत, विकास अधिकारी अतुल सोलंकी, पालिका उपाध्यक्ष ललित भागीरथ सोनी, जिला परिषद सदस्य नवीन छाबा, उप प्रधान पप्पुराम कुमावत, सम्पतराज जोशी, राजेश देवड़ा, दिलीप पटेल, देवाराम कटारिया, भेणाराम गहलोत, माणकराज डागा, सुखलाल सरगरा, राकेश सरगरा, ललित कुमार जैन, हिम्मतसिंह बांजाकुड़ी, मानसिंह लाम्बिया, कालूराम ढाडिया, रोहित गुर्जर, प्रदीप डागा, लूणकरण जैन, करणीदान चारण, चावण्डदान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 458 पर स्वास्थ्य विभाग के लिए आवंटित यह भूमि वर्ष 2012-13 में तत्कालीन विधायक दिलीप चौधरी के कार्यकाल में दी गई थी।

## पूर्व विधायक धानका ने रोटी बैंक को 21सौ रूपये दिए अनुदान



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र से अब तक बने स्थानीय लोगों में समलित04नम्बर के पूर्व विधायक सूरजभान धानका ने रोटी बैंक को 21सौ रूपये का अनुदान दिया है।सूरजभान धानका राजगढ़ -लक्ष्मणगढ़ से विधायक रह चुके हैं।

वहीं बानसूर का गौरव गर्व से ऊँचा करने वाले विधायक वेदप्रकाश सोलंकी ने भी बानसूर का नाम गौरव से ऊँचा किया है, तो मेघवाल समाज में जन्मे भरतराम मेघवाल ने राजस्थान के उत्तरी और बॉर्डर की लोकसभा सीट गंगानगर का प्रतिनिधित्व किया है। बानसूर विधानसभा क्षेत्र में उनसे पूर्व बाबू बद्रीप्रसाद गुप्ता, हरिसिंह यादव, महिपाल यादव विधायक रह चुके हैं। बाबू बद्रीप्रसाद गुप्ता बानसूर विधानसभा क्षेत्र के पहले विधायक बने तो दूसरे विधायक हरिसिंह यादव बने !

वहीं महिपाल सिंह यादव तीसरे नम्बर के विधायक रह चुके हैं तो वर्तमान में स्थानीय विधायकों में देवीसिंह शेखावत चौथे नम्बर के विधायक हैं !जिस तरह एडवोकेट महिपाल यादव ने बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र में बानसूर का नाम रोशन किया तो सूरजभान धानका ने राजगढ़ -लक्ष्मणगढ़ सीट पर बानसूर का झण्डा फहराया। वहीं भरतराम मेघवाल का नाम गौरव से याद किया जाएगा। देखा जाए तो बहरोड़ तहसील राठ क्षेत्र में प्रसिद्ध रही है और राठ का नाम भी सदैव ऊँचा रखा है।

पूर्व यातायात मंत्री डॉ रोहिताश कुमार शर्मा बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के बेटे तो शकुंतला रावत बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र की बहु ने भी बानसूर का प्रतिनिधित्व किया है।हमें गौरव है तो सिर्फ बानसूर के चार बेटों पर है जिन्होंने अन्यत्र जाकर बानसूर को एक नई पहचान दिलाई !रोटी बैंक संचालक डॉ आर.सी.यादव ने पूर्व विधायक सूरजभान धानका की दीर्घायु की कामना की है।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं ने ली बाल विवाह न करने की शपथ

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के नवीन बस स्टैंड मार्ग पर स्थित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर-2 में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं ने छात्राओं को बाल विवाह एक अभिशाप विषय पर जानकारी देते हुए इसके दुष्परिणामों से अवगत कराया कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे वे स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। इस अवसर पर सभी बालिकाओं ने बाल विवाह न करने और न होने देने की शपथ ली विद्यालय प्रधानाध्यापक नरेश सैनी ने कहा कि समाज में बालिकाओं को समान अधिकार और सुरक्षित वातावरण देना हर नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं ने बालिकाओं को आत्मविश्वास, शिक्षा और आत्मरक्षा के महत्व पर भी प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेश सैनी, अशोक शर्मा, आशा सुमन, रेणुका तिवाड़ी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में अध्ययनरत बालक-बालिकाओं का 5 नवंबर तक होगा भौतिक सत्यापन

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के पुराना राजगढ़ रोड़ पर स्थित लिटिल फ्लावर इंग्लिश स्कूल में शनिवार को आरटीई भौतिक सत्यापन दल का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम प्रभारी अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल राम मीना ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 में निजी विद्यालयों में आरटीई में अध्ययनरत बालक-बालिकाओं, वीर बाला काली बाई भील बालिका फीस पुर्नभरण योजना तथा मुख्यमंत्री बालक फीस पुर्नभरण योजना के तहत अध्ययनरत बालक-बालिकाओं का भौतिक सत्यापन 5 नवंबर तक किया जाना है। शनिवार को भौतिक सत्यापन दल के सदस्यों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। भौतिक सत्यापन दलों द्वारा ब्लॉक के माध्यमिक शिक्षा के 42 तथा प्रारंभिक शिक्षा के 55 निजी विद्यालयों में भौतिक सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में ब्लॉक के 190 अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया। आरटीई के दक्ष प्रशिक्षक राजकुमार गुप्ता ने सभी सत्यापन दलों को प्रशिक्षण के माध्यम से भौतिक सत्यापन की जानकारी दी।

**सत्यापन दलों का प्रशिक्षण हुआ आयोजित**

आरटीई के तहत निजी विद्यालयों का निरीक्षण प्रतिवर्ष किया जाता है जिसके आधार पर विद्यालयों को पुर्नभरण मिलता है। इसके तहत शनिवार को प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में भौतिक सत्यापन दलों के 190 सदस्य उपस्थित रहे। जिन्हें प्रशिक्षण दिया गया।

**लीलावती मीना,** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजगढ़


### भारत गौरव गाथा का शानदार मंचन प्रताप ऑडिटोरियम में सम्पन्न

# तालियां ओर भारत मां की जय के उद्घोष के साथ तिरंगा और दीपक लेकर झूम उठा ऑडिटोरियम

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर शाखा एवं आस्था साहित्य संस्थान अलवर के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को एक देशभक्ति और भारतीय संस्कृति से ओत- प्रोत संगीतमय नाट्य प्रस्तुति कार्यक्रम भारत गौरव गाथा का शानदार मंचन अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ।

यह कार्यक्रम मुख्य प्रस्तुतकर्ता वीररस कवि विनीत चौहान एवं देशराज मीना के निर्देशन में आयोजित किया गया । प्रताप ऑडिटोरियम के एंट्री पर ही सभी को एक एक तिरंगा झंडा एवं इलेक्ट्रिक दीपक देकर अन्दर भेजा गया। इस कार्यक्रम में 1947 से पहलगांव तक की घटना का वृतांत देशभक्ति और भारतीय संस्कृति से ओत . प्रोत संगीतमय नाट्य प्रस्तुति के रूप में किया गया था। कार्यक्रम के बीच बीच में भारत माता की जय के उद्घोषो से ऑडिटोरियम गूंज उठा। वही ब्रिग्रेडियर मिलिंद आर व्यास जी द्वारा साथ आई मिलिट्री की ड्रेस में जवानों की टुकडियो ने जयकारे से ओर जोश भर दिया। कार्यक्रम संयोजक गिरीश गुप्ता ने बताया कि अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात सभी अतिथियों का तिरंगा पट्टे से एवं पुस्तक देकर स्वागत किया गया। माननीय निम्बाराम (क्षेत्रिय प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ राजस्थान ,श्रीवर्धन जी . अखिल भारतीय योग प्रमुख, मुख्य अतिथि माननीय संजय शर्मा . वन,पर्यावरण,जलवायु परिवर्तन, वैज्ञानिक एवं प्रोधोगिकी विभाग ;स्वतंत्र प्रभार) राजस्थान सरकार,



अध्यक्षता जिला कलेक्टर अलवर डॉ.अर्तिका शुक्ला, अतिविशिष्ट अतिथि ब्रिग्रेडियर मिलिंद आर व्यास, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी, विशिष्ट अतिथि बलबीर सिंह करुण, विशिष्ट अतिथियों में डॉ.वी. के.अग्रवाल एवं डॉ. मंजू अग्रवाल . डायरेक्टर युवराज प्रताप सिंह होमियोपैथी कॉलेज एवं हॉस्पिटल अलवर, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर शाखा के चेयरमैन डॉ.एससी मित्तल एवं सचिव डॉ.रूप सिंह,सहसचिव कुलदीप आर्य डायरेक्टर क्योर वेल डायग्नोस्टिक सेन्टर अलवर, दिनकर स्मृति न्यास पटना से नीरज कुमार, दिल्ली से डॉ. प्रवीण शुल्का, जयपुर से संजय झाला, लखनऊ से अभय निर्भीक सहित कई अतिथि एवं गणमान्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

अतिथियों के सम्मान के पश्चात् राष्ट्रगान किया गया। तद्पश्चात इंट्रोडक्शन थीम विडियो से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जो तकरीबन डेढ घंटे अनावरत चलता रहा बीच बीच में भारत माता ओर शहीदों के जयकारे लगते रहे।

## अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव 11 नवंबर को

# ज्यादा जल्दी उम्मीदवार घोषित करना भी ठीक नहीं, कहा- भाजपा की जीत होगी : दिलावर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को उपचुनाव होना है। उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने प्रत्याशी की घोषणा कर दी थी। वहीं बीजेपी की तरफ से अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। कांग्रेस ने प्रमोद जैन भाया को प्रत्याशी घोषित किया है। भाया अंता से ही दो बार कांग्रेस के विधायक रहे हैं। ये गहलोत सरकार में मंत्री भी रहे हैं। भाजपा में प्रत्याशी को लेकर मंथन चल रहा है।

बीजेपी उम्मीदवार को लेकर जब शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि विचार विमर्श चल रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा पहले हो जाने को लेकर मदन दिलावर ने कहा- जब चुनाव आते हैं तो सभी राजनीतिक पार्टियां अपना-अपना प्रत्याशी तय करती है और कांग्रेस ने कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस उपचुनाव में यहां बीजेपी सौ फीसदी जीतेगी।

नाम को लेकर असमंजस नहीं

वहीं उन्होंने बीजेपी के उम्मीदवार को लेकर कहा कि प्रत्याशी की घोषणा जल्दी ही होगी। पार्टी में नामों को लेकर कोई असमंजस नहीं है, अभी विचार विमर्श चल रहा है। सामूहिक रूप से सब बात कर प्रत्याशी तय करते हैं। बहुत पहले भी प्रत्याशी तय करना ठीक नही है और बहुत देरी से भी तय करना ठीक नहीं है। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले को लेकर दिलावर बोले कि यह तो समय ही बताएगा कि कौनसा कोणीय मुकाबला होगा।

दो बार विधायक रह चुके प्रमोद जैन भाया कांग्रेस प्रत्याशी

प्रमोद जैन भाया दो बार साल 2008 और 2018 में इसी विधानसभा सीट से चुनाव जीत चुके हैं। गहलोत सरकार में वे साल 2023 तक खनन मंत्री रहे। वहीं वे दो बार चुनाव भी हारे हैं। साल 2013 में वे बीजेपी के प्रभुलाल सैनी से चुनाव हारे थे और 2023 में कवंरलाल से वे चुनाव हार चुके हैं। उन्हें अशोक गहलोत का काफी करीबी माना जाता है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के निर्देश के बाद इस सीट पर एक बार फिर पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया पर पार्टी ने अपना विश्वास जताते हुए चुनावी मैदान में उतारा है।

त्रिकोणीय होगा मुकाबला

अंता सीट पर नरेश मीणा भी निर्दलीय चुनाव लडन्ने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में यहां पर बीजेपी और कांग्रेस दोनों के लिए ही निर्दलीय उम्मीदवार परेशानी खड़ी करेगा। हालांकि बीजेपी की तरफ से अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। लेकिन जो नाम चर्चा में है उनमें प्रभुलाल सैनी का नाम सामने आ रहा है। इसके अलावा स्थानीय पदाधिकारियों के नामों की भी चर्चा कार्यकर्ताओं के बीच चल रही है। जल्द ही बीजेपी की तरफ से यहां प्रत्याशी की घोषणा होगी।

## सांगोद विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में होगी विजिलेंस जांच



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सांगोद विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में निर्माण कार्यों की विजिलेंस जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला कलेक्टर को पीडब्ल्यूडी के माध्यम से टीम गठित कर जांच शुरू करने को कहा है। यह टीम उन स्कूलों की जांच करेगी, जिनकी इमा रतें 5-7 साल में ही जर्जर हो गई हैं।

मंत्री नागर ने शनिवार को उरना, खजूरना, खोदियाखेड़ी समेत कई गांवों में स्कूलों का निरीक्षण किया। खजूरना में पावर ग्रिड की सीएसआर योजना से 38 लाख की लागत से बन रही इमारत में घटिया निर्माण देखने पर ठेकेदार को फटकार लगाई। पुराने स्कूल का फर्श धंसा हुआ और सीमेंट रहित पाया गया। वहीं उरना स्कूल में छत टूटी और सरिए बाहर निकले मिले। मंत्री ने जिला कलेक्टर को निर्देश दिए कि अनुपस्थित शिक्षक को निलंबित किया जाए। उन्होंने कहा कि घटिया निर्माण करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## जैविक खाद प्लांट में किसानों को खाद निर्माण की प्रक्रिया समझाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा विकास प्राधिकरण के देवनारायण नगर स्थित प्रोम जैविक खाद प्लांट में शनिवार को किसानों का जैविक कृषि प्रशिक्षण वर्ग लगाया गया। इस दौरान गुजरात की भारत एग्री जेंटिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा खाद निर्माण से जुड़ी हुई विभिन्न जानकारियां दी गई। वहीं किसानों को खाद निर्माण की प्रक्रिया लाइव दिखाते हुए समझाई गई।

इस दौरान डायरेक्टर प्रीति शुक्ला ने बताया कि कृषि भूमि के लिए जैविक खाद अतिआवश्यक है। धरती में घटते पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए जैविक खाद डालना जरूरी है। इसके अधिकतम उपयोग से की गई प्राकृतिक खेती किसान हित और राष्ट्रहित में है। उन्होंने खाद निर्माण को लेकर किया जा रहे नवाचारों की भी जानकारी दी।

गुणवत्तापूर्ण खाद को किसानों तक सुलभता से पहुंचाने के बारे में भी बताया। इस अवसर पर संयंत्र सलाहकार प्रोफेसर डॉ. महेंद्र गर्ग ने बताया कि भारत में गोबर से 100त्न जैविक खाद बनाया जा रहा है। जो एफसीओ के मानकों के अनुरूप लेब में टेस्ट कर ही पैक करवाया जाता है। यह रासायनिक उर्वरकों को पूरी तरह से रिप्लेस कर सकता है।

## वन्यजीव संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु वन्यजीव सप्ताह संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा।वन्यजीव संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वन विभाग, कोटा एवं बूंदी की ओर से तक वन्यजीव सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर पीयूष सांवरिया, पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम तथा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस वर्ष के वन्यजीव सप्ताह की थीम ह्यूमन-वाइल्डलाइफ को-एग्ज़िस्टेंस रही, जिसके अंतर्गत मानव और वन्यजीवों के सह-अस्तित्व एवं संरक्षण के महत्व पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सप्ताहभर विभिन्न स्थलों पर जागरूकता रैलियाँ, पोस्टर प्रदर्शन, निबंध, क्विज़ एवं चित्रकला प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।

वन विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कोटा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया।कविता लेखन प्रतियोगिता (कॉलेज वर्ग) में अहिंसा गोस्वामी ने प्रथम स्थान तथा रक्षित एच. प्रजापति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्विज़ प्रतियोगिता में रक्षित एच. प्रजापति, सूरज गुर्जर एवं दिव्या अवस्थी की टीम ने प्रथम स्थान तथा प्रिंस जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आशुभाषण प्रतियोगिता में मनीष राठौर तृतीय स्थान पर रहे, वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में रक्षित एच. प्रजापति एवं पोस्टर प्रतियोगिता में गरिमा वर्मा ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। रामगढ़ विषधारी टाइगर रिज़र्व द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में बी.एससी.-बी.एड. तृतीय वर्ष की भानुप्रिया, विशाखा गौतम एवं दिवान्शी गौतम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में आरुषि सोनी (प्रथम), तनु माथुर (द्वितीय) एवं निहारिका शर्मा (तृतीय) स्थान पर रहीं।

## 69 वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ समापन



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी मे शनिवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बूंदी में समापन किया गया। इस प्रतियोगिता में 124 टीमों के 562 खिलाडियों ने भाग लिया 19 वर्ष में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चेता के नाम चैंपियनशिप रही और 17 वर्ष में सरस्वती जजावर के नाम चैंपियनशिप रही मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्रीमान अशोक डोगरा एवं अध्यक्षता श्रीमान रामेश्वर मीणा ने की तथा विशेष अतिथि कालूलाल जांगिड़ पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती नूपुर मालव जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा रहे। इसके साथ ही शिक्षा विभाग से प्रहलाद शर्मा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राज बहादुर भंसाली उप जिला शिक्षा शारीरिक शिक्षा अधिकारी शिवराज खींची मनोज वर्मा मौजूद रहे। अंत में स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान राजेंद्र कुमार माथुर ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## अब रामगंजमंडी मे गंभीर मरीजों की बचेगी जान, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की पहल पर मिली एम्बुलेंस

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर की पहल पर संत श्री पदमाराम कुलरिया चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शनिवार को कोटा जिले के चेचट तहसील के देवली कलाँ एवं खेडारुद्धा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में रामगंजमंडी के लोगों के लिए अत्याधुनिक एम्बुलेंस भेंट की गई। श्री पदमाराम कुलरिया चेरिटेबल ट्रस्ट के धरम चंद कुलरिया ने एम्बुलेंस की चाबी मंत्री दिलावर को सौंपी। 37 लाख रूपये लागत की ये एम्बुलेंस समस्त प्रकार की अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं से सुसज्जित है। शिक्षा मंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि श्री पदमाराम कुलरिया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 2 करोड़ रूपये की लागत से एक विद्यालय भवन का निर्माण भी करवाया जाएगा।

देवली कला में विकास कार्यों के लिए दिए 12 लाख रूपये

कोटा के देवली कला ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में शनिवार को शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए 12 लाख रुपए विधायक कोष से देने की स्वीकृति प्रदान की। दिलावर ने गुर्जर समाज की मांग पर गुर्जर समाज सामुदायिक भवन की चारदीवारी निर्माण एवं मरम्मत कार्य हेतु 5 लाख रूपये स्वीकृत किए। साथ ही, देवली कला बैरवा सामुदायिक भवन की बाउंड्री वॉल एवं टीन शेड निर्माण के लिए 7 लाख रूपये विधायक कोष से देने की स्वीकृति प्रदान की।



## अतिरिक्त जिला कलक्टर ने खजूरी ग्रामीण सेवा शिविर में परखी कामकाज की प्रगति

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर (एडीएम) रामकिशोर मीणा ने शनिवार को नैनवां पंचायत समिति के खजूरी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर, खटकड़ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा देई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने खजूरी ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का जायजा लिया। उन्होंने शिविर प्रभारी से सहमति से होने वाले विभाजन के प्रकरणों और रिकॉर्ड दुरुस्ती के आवेदनों की जानकारी ली और निर्देश दिए कि अधिक से अधिक आवेदनों का निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत दी जाए। उन्होंने चिकित्सा, कृषि, सिंचाई और पेयजल जैसे विभागों के कामकाज की समीक्षा भी की।



**पोषाहार में गुणवत्ता रखने के दिए निर्देश :** इससे पहले अतिरिक्त जिला कलक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खटकड़ का औचक निरीक्षण किया। यहां जब उन्होंने बच्चों को दिए जा रहे मिड डे मील की गुणवत्ता जांची तो वे नाराज हो गए। पोषाहार में दी जा रही सब्जी की खराब क्वालिटी को सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर ही निर्देश दिए कि 3 दिन के अंदर व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित किया जाए। एडीएम ने कहा, बच्चों को सरकार की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण पोषाहार मिलना चाहिए, इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद अतिरिक्त जिला कलक्टर देई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी पहुंचे। यहां अस्पताल के मुख्य गेट के बाहर ही कचरे का ढेर देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की।


## शिक्षकों का सम्मान, प्राइवेट स्कूलों ने उठाई मांगें



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी में शनिवार को हरियाली रिजॉर्ट में प्राइवेट स्कूल वेलफेयर सोसाइटी का शिक्षक सम्मान समारोह 2025 धूमधाम से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा और कार्यक्रम अध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा थे। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बूंदी जिले की कुल 850 प्रतिभाओं (शिक्षकों) को सम्मानित किया गया। सोसाइटी ने अतिथियों के समक्ष आरटीई भुगतान, पोर्टल सूचनाओं का बोझ, और सरकारी स्कूलों के समान सुविधाएं देने जैसी प्रमुख मांगों को ज़ोरदार तरीके से उठाया। मुख्य अतिथि संदीप शर्मा ने समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और निवारण का आश्वासन दिया, साथ ही शिक्षकों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

## आयुक्त के नेतृत्व में अधिकारियों ने किया निरीक्षण, सफाई अभियान शुरू



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** दीपावली से पूर्व शहर को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से नगर निगम कोटा उत्तर ने वृहद सफाई अभियान शुरू किया। आयुक्त अशोक कुमार त्यागी के नेतृत्व में शनिवार सुबह 7 से 11 बजे तक विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। त्यागी ने बताया कि दीपावली के मद्देनजर सडक़ों, नालियों, फुटपाथों और कचरा पॉइंट्स की सफाई कर कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान नदीपार, कुन्हाड़ी, बालिता, बडग़ांव, नयापुरा, भीमगंजमंडी, डीसीएम, कैथून और खेड़ा रामपुरा क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था देखी गई। जहां कचरा या झाडियां मिलीं, वहां तत्काल सफाई के निर्देश दिए गए।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बाल विवाह रोकथाम हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़,(नि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ओमप्रकाश तोषनीवाल के निर्देशन में बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान के अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम हेतु जन जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया।




इस क्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, स्टेशन प्रतापनगर में बाल विवाह रोकथाम पर विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई एवं जनजागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को यह भी बताया गया कि यदि कहीं बाल विवाह की जानकारी हो तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दें। टीम ने यह भी समझाया कि सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न बाल कल्याण योजनाओं की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी और बताया कि 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की किसी भी प्रकार की सहायता हेतु 1098 पर निःशुल्क कॉल किया जा सकता है। कार्यक्रम में काउंसलर करण जीनवाल, सुपरवाइजर राहुल सिंह सोलंकी, केस वर्कर सीमा राजोरा सहित विद्यालय की प्रधानाचार्य ज्योति लढ़ा, व्याख्याता सपना जैन, रेखा कंवर एवं गुलाम मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।

### 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

## प्रधानमंत्री धनधान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़,(नि.स.)।** किसानों, पशुपालकों एवं मछुआरों के सर्वांगीण विकास और कल्याण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शनिवार को 42,000 करोड़ रुपये से अधिक की कृषि परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। इसमें प्रधानमंत्री धनधान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ शामिल है। इसके साथ ही कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया गया।

राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर, पूसा संस्थान, नई दिल्ली में आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का जिला स्तरीय सीधा प्रसारण कृषि उपज मण्डी प्रांगण, चित्तौडग़ढ़ में किया गया, जिसमें जिलेभर के कृषक, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।



प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस अवसर पर कहा कि इन दोनों योजनाओं पर लगभग 35,000 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे, जिससे किसानों का समग्र कल्याण, उत्पादन वृद्धि और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के माध्यम से देश में दालों का उत्पादन बढ़ाया जाएगा, जिससे भारत दलहनी फसलों में आत्मनिर्भर बनेगा और आयात पर निर्भरता घटेगी। वहीं प्रधानमंत्री धनधान्य कृषि योजना के माध्यम से देश के कृषि अवसंरचना और भंडारण क्षमता को सशक्त बनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि देश के 100 ऐसे जिलों में, जहाँ कृषि उत्पादन औसत से कम है, 'आकांक्षी जिला योजना' लागू की जाएगी। यह योजना तीन 'सी' - कोलैबोरेशन (सहयोग), कन्वर्जेंस (अभिसरण) और पॉजिटिव कम्पीटिशन (स्वस्थ प्रतिस्पर्धा) पर आधारित होगी। इसके तहत 36 विभिन्न योजनाओं का समन्वय किया जाएगा जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में ठोस सुधार होगा। प्रधानमंत्री ने रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की भी घोषणा की, ताकि किसानों की आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषक, एफपीओ प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, नाबार्ड अधिकारी, आईएफएफसीओ के क्षेत्रीय प्रबंधक तथा कृषि विभाग से संबंधित समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 250 से 300 कृषक एवं विभागीय कार्मिकों ने भाग लिया।

## कांग्रेस का सृजन अभियान : जिला अध्यक्ष चयन प्रक्रिया शुरू, नदीम जावेद ने लिया फीडबैक

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर में कांग्रेस के सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्ष चयन प्रक्रिया शुरू हुई। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक नदीम जावेद धौलपुर पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस संगठन की मजबूती और जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

पर्यवेक्षक नदीम जावेद ने वरिष्ठ कांग्रेसजनों, ब्लॉक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक चर्चा की। इसके बाद उन्होंने पुरुष एवं महिला नेत्री रोशनी शिवहरे से अलग-अलग चर्चा और फीड बैक लेकर संगठन की वर्तमान स्थिति पर रायशुमारी की। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक अजीत यादव और प्रदेश सचिव साजिद खान भी मौजूद रहे।

पूर्व विधायक नदीम जावेद ने अपने संबोधन में कहा कि यह वर्ष संगठन को समर्पित है। उन्होंने जोर दिया कि विपरीत परिस्थितियों में भी कांग्रेस कार्यकर्ता देश को एकजुट रखकर पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। जावेद ने कहा कि जिला अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ की हड्डी होता है। कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना मुख्य उद्देश्य है, और इसमें जिला अध्यक्ष की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने यह भी कहा कि जिला इकाई का गठन समावेशी होना चाहिए, जिसमें युवाओं, महिलाओं और सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हो। संगठनात्मक ढांचे को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया दीपावली के बाद पूरी की जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर छात्राओं ने बाल विवाह एवं बालाश्रम रोकने की ली शपथ



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय)।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर पर प्रयत्न संस्था द्वारा कवच परियोजना के तहत स्वास्थ्य की देखभाल, बाल विवाह एवं बालश्रम न करने की शपथ दिलाई।

विद्यालय प्रधान ममता मीणा ने बताया कि सर्व प्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके बाद प्रयत्न संस्था भरतपुर के पंचायत फेसिलेटर इंद्रजीत, नरेन्द्र कुमार व नरेश कुमार ने कवच परियोजना के विषय मे कहा कि स्वच्छता और सफ़ाई में जागरूकता, टीकाकरण सुनिश्चित करने के साथ हमें स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा उच्च जनसंख्या घनत्व, पानी और उचित स्वच्छता की कमी के कारण प्रदूषित वातावरण उत्पन्न होता है इसका स्वास्थ्य पर,विशेष रूप से महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य पर, प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है,इसे दूर करना होगा। उन्होंने बाल विवाह व बाल श्रम के प्रतिकूल प्रभाव बताये। अंत मे सभी शिक्षकों सहित छात्राओं को बाल विवाह व बालाश्रम रोकने की शपथ दिलाई।

## चिकित्सा शिविर मे 91 मरीजों ने कराई जाँच



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय्)।** अपनाघर सेवा समिति भुसावर के तत्वावधान मे शनिवार को निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 91 मरीजों की जाँच कराकर लाभार्थियों को निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराई गई। जिसमे दिल्ली के चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ सतीश चंद शर्मा व दंत रोग विशेषज्ञ डॉ देवव्रत आर्य ने उपचार किया गया।

अपनाघर सेवा समिति संरक्षक एवं कार्यक्रम संयोजक सीमा लवली एवं अध्यक्ष राजकुमार बंसल ने बताया कि मां माधुरी बृज वारिश सेवा सदन अपनाघर आश्रम भरतपुर के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्षय मे मां कामेश्वरी आईटीआई केंद्र पर निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे कस्बा सहित आस-पास के दर्जनों गाँवो के रोगियों ने चर्म रोग विशेषज्ञ चिकित्स्क डॉ सतीश चंद शर्मा एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ देवव्रत आर्य द्वारा सेवा प्रदान की गई। शिविर मे 91 रोगियों की जाँच कर निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर अध्यक्ष राजू बंसल, उपाध्यक्ष अशोक सेवक, कोषाध्यक्ष अरविन्द बंसल, संरक्षक मनीराम धाकड़, डॉ आरएस पचहरा, राजेंद्र मित्तल व बृज लाल सैनी, सोम शर्मा व सीमा लवली आदि का सहयोग रहा।

## गिव अप अभियान से पात्र लोगों को मिला उनका अधिकार, अभियान देशभर में बना मॉडल : गोदारा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागौरा)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा ने शुक्रवार देर शाम राजसमंद कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की।बैठक के उपरांत मीडिया से वार्ता करते हुए श्री गोदारा ने बताया कि यह उनकी समीक्षा की कड़ी में 36 वां जिला है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सक्षम एवं अपात्र लोगों को एनएफएसए से बाहर करने के लिए 'गिव अप अभियान' शुरू किया गया था जिसमें उल्लेखनीय प्रगति प्राप्त हुई है। अभियान के तहत प्रदेश में 38 लाख से अधिक अपात्र लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का त्याग किया है।गिव अप अभियान" के तहत राजसमंद जिले में 81,696 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का त्याग किया है, वहीं ई-केवाईसी नहीं होने के कारण विभाग द्वारा 69,666 व्यक्तियों के नाम हटाए गए हैं। इस प्रकार कुल 1,51,362 अपात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा सूची से बाहर किया गया है, ताकि निर्धन, पात्र और जरूरतमंद परिवारों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।उन्होंने बताया कि जिले में इस प्रक्रिया के अंतर्गत 94,428 नवीन पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया है, वहीं प्रदेश में 66 लाख नवीन व्यक्तियों को जोड़ा गया है। ये नवीन पंजीकृत व्यक्ति अब रियायती दरों पर गैस सिलेंडर, निशुल्क उपचार सहित अन्य कई योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

खाद्य मंत्री ने राजसमंद जिले की प्रगति की मुक्तकंठ से सराहना की और विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक श्री हरि सिंह रावत, जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, समाजसेवी माधव जाट आदि उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री ने किया पीएम धन धान्य कृषि योजना व दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ

# राजसमंद जिले में 41 किसान और 430 जनप्रतिनिधि लाइव प्रसारण से जुड़े

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागौरा)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान भवन, पूसा से "पीएम धन धान्य कृषि योजना" एवं "दलहन आत्मनिर्भरता मिशन" का शुभारंभ किया। "अन्नदाताओं का सम्मान, समृद्ध राष्ट्र का निर्माण" थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देशभर में किया गया।राजसमंद जिले में जिला, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत स्तर पर लगभग 4100 किसानों और 430 जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और सुना।कार्यक्रम का शुभारंभ राजस्थान के कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री श्री किरोड़ी लाल मीणा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को धन-धान्य से समृद्ध बनाने हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार योजनाएँ संचालित कर रही हैं।इसके पश्चात केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के हित में लिए गए निर्णयों — जैसे जीएसटी में कमी, फसलों की एमएसपी में वृद्धि और नई योजनाओं की जानकारी दी।मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने राज्य में विगत वर्षों में कृषि उत्पादन में हुई उल्लेखनीय वृद्धि पर किसानों को बधाई दी और उनके परिश्रम की सराहना की।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश के कृषि क्षेत्र की विशाल संभावनाओं, कृषि निर्यात, महिला सशक्तिकरण, प्राकृतिक खेती और बंजर भूमि के वनीकरण पर बल दिया। उन्होंने देशभर के किसानों के लिए 42,000 करोड़ से अधिक लागत की 100 नई कृषि परियोजनाओं का शुभारंभ एवं शिलान्यास किया, जिनमें कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की परियोजनाएँ शामिल हैं।राजसमंद में यह कार्यक्रम कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कृषि एवं उद्यान विभाग, कृषि उपज मंडी के अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

## बेटी बोझ नहीं, भविष्य की नींव है :पूजा सुथार

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागौरा)।** भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय माय भारत राजसमंद स्वामी विवेकानंद युवा मंडल स्वच्छ केलवा हरित की ओर अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस होली रॉयल विद्यालय केलवा में मनाया गया । युवा मंडल अध्यक्ष लालू राम सिंघल ने बताया कि हर साल 11 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसरों के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम संयोजक पूजा सुथार ने बताया कि दुनिया के कई हिस्सों में आज भी बेटियों को शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जाता है। ऐसे में हम सभी का कर्तव्य है कि बेटियों को बराबर सम्मान, अवसर और स्वतंत्रता मिले।

## सैंपऊ थाने में घुसकर तोड़फोड़ मामले में 9 महिलाओं सहित 13 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** थाने में तोड़फोड़ और राजकार्य में बाधा डालने के आरोप में कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 9 महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्हें धौलपुर के सखी वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है। यह घटना 9 अक्टूबर 2025 को हुई थी।

पुलिस टीम 9 अक्टूबर को सैंपऊ थाना क्षेत्र में वांछित अपराधियों की धरपकड़ कर रही थी। टीम ने पहले स्थायी वारंटी गब्बर सिंह को गिरफ्तार किया। इसके बाद, सूचना मिली कि वांछित आरोपी निरोती लाल जाटव अपने घर तसीमो में मौजूद है।

**परिजनों ने आरोपी निरोती लाल को पुलिस हिरासत से छुड़ाया :** पुलिस टीम ने निरोती लाल को उसके घर से हिरासत में लेकर सरकारी वाहन में बिठाया। तभी, निरोती लाल के परिजन दुर्ग सिंह, जितेंद्र, जयसिंह सहित लगभग 8-10 महिलाओं और कुछ अन्य पुरुषों ने सरकारी गाड़ी को घेर लिया और आरोपी निरोती लाल को पुलिस हिरासत से छुड़ा लिया। हालांकि, पुलिस टीम गिरफ्तार आरोपी गब्बर सिंह को लेकर थाने पहुंचने में सफल रही। कुछ देर बाद, दुर्ग सिंह, जितेंद्र और जयसिंह मोटरसाइकिल से थाने पहुंचे। उन्होंने थाने में मौजूद कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की। वे एक पुराने मुकदमे में एफआर दिए जाने और क्रॉस मुकदमे में अपने व्यक्ति की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे थे। उन्होंने फोन करके अपने परिजनों को भी बुला लिया, जिसके बाद 8-10 महिलाएं और 4-5 पुरुष ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर थाने पहुंचे।

**संतरी से की मारपीट, एचएम ऑफिस के गेट तोड़े :** इन हमलावरों ने थाने पर तैनात संतरी और अन्य कर्मचारियों पर ईंटों और पत्थरों से हमला कर दिया। उन्होंने थाने में रखे फर्नीचर की तोड़फोड़ की, सरकारी रिकॉर्ड फाड़ दिया, कर्मचारियों के साथ मारपीट की और एचएम कार्यालय के गेट तोड़ दिए। सूचना मिलने पर थानाधिकारी और वृत्ताधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला और पुरुष हमलावरों को अलग किया। घायल कर्मचारियों को इलाज के लिए सैंपऊ सीएचसीभेजा गया। गिरफ्तार महिला हमलावरों को सखी वन स्टॉप सेंटर धौलपुर भिजवाया गया है।

## बालिकाएं राष्ट्रपति से प्रेरणा लेकर अपने व्यक्तित्व का विकास करें : आनंद प्रकाश

### विधिक जागरूकता शिविर में बालिकाओं को दी विवेक कानूनो की जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नीरज जैन)।** विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश डीग के तत्वाधान में लाला मनोहर लाल खंडेलवाल राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बालिकाओं को कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

शिविर में विधिक जागरूकता टीम अध्यक्ष आनंद प्रकाश पटेल ने बालिकाओं को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, ध्वनि प्रदूषण अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि आज समाज में बालिका और महिलाएं सुरक्षित और संरक्षित हो इसलिए उन्हें अपने अधिकार और अपनी सुरक्षा के लिए मोजूद कानूनो की जानकारी होना आवश्यक है। आज पूरे देश में महिला सशक्तिकरण का अभियान चल रहा है जिसके द्धारा महिलाओं के आत्म सम्मान की अभिवृद्धि के साथ साथ महिलाओं की विभिन्न क्षेत्रों में सहभागिता सुनिश्चित हुई है और देश में राष्ट्रपति से लेकर प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं बढ़-चढ़कर कार्य कर रही है। सेना ,वायु सेना ,नौ सेना अर्ध सैनिक बलों, सिविल सर्विसेज न्यायिक प्रशासनिक पुलिस सेवाओ में बालिकाएं उच्च पदों पर पद स्थापित होकर देश की सेवा में लगी हुई है। इनसे बालिकाओं को प्रेरणा लेकर अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए।

इस अवसर पर ममता गोयल, शारदा देवी, ओमप्रकाश शर्मा सहित विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थीं।

## सिंगोरई में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन, किसान की 27 साल बाद दूर हुई समस्या

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों में लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को बाड़ी के सिंगोरई ग्राम पंचायत में लगे शिविर में एक किसान रूप सिंह को 27 साल बाद अपने दस्तावेजों में सही नाम मिल पाया। सिंगोरई निवासी किसान रूप सिंह ने शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार उत्तमचंद बंसल को शिकायत दी।

उन्होंने बताया- उनका वास्तविक नाम रूप सिंह है, लेकिन दस्तावेजों में गलती से 'बबलू' दर्ज हो गया था, जो उनका घरेलू नाम है। इस त्रुटि के कारण उन्हें अपनी खातेदारी भूमि (खाता संख्या 288, 346 और 162) से संबंधित कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रूपसिंह ने बताया- उन्होंने पहले भी उपखंड प्रशासन और ग्राम पंचायत स्तर पर शिकायतें की थीं और हल्का पटवारी को भी अवगत कराया था, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

नायब तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने शिविर में मौजूद हल्का पटवारी और गिरदावर को तुरंत 'बबलू' नाम को 'रूप सिंह' में बदलने के निर्देश दिए। निर्देशों के बाद, किसान की खातेदारी भूमि के दस्तावेजों में हाथों-हाथ नाम सुधार कर 'बबलू' की जगह 'रूपसिंह' किया गया। इसके साथ ही, नाम परिवर्तन का प्रमाण पत्र भी किसान रूप सिंह को तुरंत सौंप दिया गया।

इस त्वरित समाधान से लाभान्वित किसान रूप सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की और जिला कलेक्टर तथा राज्य सरकार का आभार जताया। इस दौरान शिविर में उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी, सीडीपीओ अर्पित श्रीवास्तव, पंचायत समिति के अतिरिक्त विकास अधिकारी बृजेश शर्मा मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय पोषण माह : रंगोली के साथ गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय)।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत शनिवार 11/ अक्टूबर /2025 को उपखंड भुसावर के अंतर्गत बल्लभगढ़ सेक्टर में पोषण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 2महिलाओं की गोद भराई एवं 2 बच्चों को अन्नप्राशन के साथ रंगोली बनावाई गई । स्थानीय उत्पाद से बनी पोषण सामग्री गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण PM-MVY में अधिकतम आवेदन करवाए।गए

साथ ही पोषण आदतों के विकास के लिए मोटे अनाज के अधिक उपयोग हेतु जानकारी दी गई। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी नीरज कुमार शर्मा, महिला पर्यवेक्षक कश्मीरा मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि

राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रम भारत में कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य देश के नागरिकों, विशेषकर बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण स्तर में सुधार करना है। इसकी प्रमुख पहलें एवं कार्यक्रमों में पोषण अभियान,राष्ट्रीय पोषण माह, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान,

लक्ष्य एवं उद्देश्यों की चर्चा करते हुए कुपोषण में कमी को ध्यान में रखते हुए बच्चों में ठिगनापन और कम वजन की समस्या कम करना।एनीमिया नियंत्रण में खून की कमी को कम करना।स्वास्थ्य जागरूकता के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

समुदायिक भागीदारी के लिए पोषण संबंधी गतिविधियों में समुदाय को शामिल करना है। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी नीरज कुमार शर्मा महिला पर्यवेक्ष कश्मीरा मीणा नायब तहसीलदार अरुण कुमार, सलेमपुर ग्राम पंचायत प्रशासक एवं सेक्टर की समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रही।

### ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

### महिला वर्ग कबड्डी में गिरसै की टीम प्रथम, 400 मीटर दौड़ में पंकज सिंह ने बाजी मारी

# भाईचारा और अनुशासन सीखने का माध्यम है खेल : राकेश गिरसै

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नीरज जैन)।** डीग के गांव गिरसै के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रांगण में शनिवार को मेरा भारत केंद्र भरतपुर "और "राजीव गांधी यूथ क्लब संस्थान गिरसै के संयुक्त तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य राजकुमार कर्दम की अध्यक्षता में किया गया जिसमें 400 मीटर की दौड़ में पंकज सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी तारा सिंह सिनसिनवार ने इस अवसर पर खेलों को बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि खेलों से बच्चों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भावना और अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स के ग्राम विकास के संभाग संयोजक हरिशंकर सनातनी ने कहा कि बच्चों के जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का अपना महत्व है इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं को निखारने के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी चाहिए।

इस अवसर पर दौड़ 400 / मी पुरुष वर्ग में पंकज सिंह बंधा चौथ प्रथम, पुष्पेंद्र बहताना द्वितीय, निखिल गिरसे तृतीय स्थान पर रहे , 100 मीटर की बालिका वर्ग में पूनम गिरसै प्रथम ,सीमा द्वितीय , भारती तृतीय , 200/ मी पुरुष वर्ग में विश्वेंद्र प्रथम, जगवीर द्वितीय और रॉकी तृतीय तथा 200 मी महिला वर्ग में मोनिका प्रथम संजना द्वितीय और गायत्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में कठैरा यूथ क्लब की टीम प्रथम तथा गिरसे युवा मंडल की टीम तृतीय स्थान पर रही । महिला वर्ग में कबड्डी में गिरसै की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम संयोजक एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश गिरसै ने कहा कि खेल भाईचारा और अनुशासन टीम,वर्क करने का माध्यम है।

निर्णायक टीम में शारीरिक शिक्षक रमेश लवानिया ,वीरेंद्र सिंह जाटोली, अतर सिंह , दशरथ सिंह नरैना पास्ता संदीप सिंह शामिल थे। प्रतियोगिता के आयोजन में ज्योति राम , हर ख्याल सिंह ,भाजपा ग्रामीण महामंत्री जगदीश सहारई, श्री लाल ,तेज सिंह लंबरदार, जग्गो सिंह ,नारायण सिंह ,रामकिशोर , पीतम सिंह लहर सिंह, राहुल सिंह ने अपना सक्रिय योगदान दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कपासन के बनाकियाखुर्द में अंजली कुमावत सम्मानित



बनास वरदान

**कपासन (नि.स.)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बनाकिया खुर्द मे अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विद्यालय की मेधावी छात्रा अंजली कुमावत को सम्मानित किया गया।

राजकीय विद्यालय बनाकिया खुर्द के प्रधानाध्यापक हजारीलाल रेगर ने बताया कि बालिकाओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।जिसमें बाल विवाह, गृह कार्य,मवेशियों की देखभाल,ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे भाई बहनों की देखभाल,शिक्षा से वंचित रखना भेदभाव या हिंसा आदि है।

उल्लेखनीय है कि स्थानीय विद्यालय की कक्षा आठ में अध्ययनरत छात्रा अंजली कुमावत ने विपरीत परिस्थितियों के उपरांत भी झुंझुनू जिले के पलसाना में आयोजित हैंडबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया तथा टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।जिससे स्थानीय विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों में उत्साहपूर्वक हर्ष व्याप्त है।जिसके तहत शनिवार अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा अंजली कुमावत का स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शिक्षिका सुनीता कुमारी बैरवा,सुप्रिया राव,दिलीप सिंह गहलोत,सुनील खरवास,हेमलता दाधीच,कन्हैयालाल अहीर आदि उपस्थित रहे।

## त्यौहारी सीजन को देखते मिलावटखोरो पर कड़ी नजर, खाद्य विभाग की टीमे अलर्ट मोड पर

बनास वरदान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय द्वारा डॉ0 टी शुभमंगला के निर्देशन में आगामी त्योहार को देखते हुए जिला कलक्टर अक्षय गोदारा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 ओ0 पी0 सामर के नेतृत्व मे त्यौहारी सीजन को देखते हुए दिनांक 04/10/2025 से निरन्तर शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान 6 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 2 नमूनें घी के, 2 नमूनें दूध के, 1 नमूना बर्फी का तथा 1 नमूना पनीर का एफएसएसए एक्ट 2006 के तहत नमूनें वास्ते जांच हेतु लिया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार कार्यवाही की जाऐगी। साथ ही मैसर्स राधाकृष्णा डेयरी एवं बैकरी के यहां से कुल 130 किलो0 पुरानी मिठाइयों को जब्त कर नष्ट करवाया गया। जिसमें 70 किलो0 गुलाब जामुन, 30 किलो0 रसगुल्ले तथा 30 किलो0 मिल्क केक जब्त कर नष्टीकरण किया। साथ ही धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया गया। जिले के सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देश दिए गये कि आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ का विक्रय करने के आदेश दिए तथा अशुद्ध खाद्य पदार्थों का विक्रय नहीं करे। ताकि आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ मिल सके।

## दवा घोटाले की जांच की मांग, सांसद दामोदर अग्रवाल ने जिला कलक्टर को लिखा पत्र

बनास वरदान

**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा जन अधिकार परिषद के सदस्यों ने गौरव जीनगर के नेतृत्व में सांसद दामोदर अग्रवाल से मुलाकात कर महात्मा गांधी अस्पताल में दवाइयों से जुड़े घोटाले की जांच की मांग की।

सांसद अग्रवाल ने इस गंभीर मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला कलक्टर को पत्र लिखकर जांच के निर्देश देने की सिफारिश की है। सांसद ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि अस्पताल में कार्यरत डॉ. तबस्सुम अंसारी द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए राज्य सरकार के नियमों के विपरीत कार्य किया गया है। पत्र में कहा गया है कि डॉ. अंसारी द्वारा जारी की गई जांच पर्ची सरकारी नियमों के अनुरूप नहीं है, जिससे सरकारी दवा खरीद प्रक्रिया में अनियमितता और वित्तीय गड़बड़ी की संभावना उत्पन्न होती है। सांसद ने कलक्टर से आग्रह किया कि मामले की गंभीर जांच कर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जानकारी के अनुसार, संबंधित शिकायत की मूल प्रति सांसद संवाद केंद्र, भीलवाड़ा से जिला प्रशासन को प्रेषित की गई है। इस अवसर पर जन अधिकार परिषद के सदस्यों ने कहा कि जनहित से जुड़ा यह मामला पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़ा है, इसलिए इसकी निष्पक्ष जांच अति आवश्यक है।

## कपासन में टेनिस बॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

बनास वरदान

**कपासन (नि.स.)।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत आज रविवार को नगर में क्रिकेट एवं टेनिस बॉल प्रतियोगिता का क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थित में शुभारंभ होगा।

भाजपा नगर मण्डल महामंत्री सोहनलाल खटीक ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत कबड्डी, वॉलीबाल,रस्साकस्सी आदि खेलकूद प्रतियोगिताओं का गुरुवार को समापन हुआ।इसके बाद आज रविवार को नगर के मुख्य मार्ग स्थित पीएमश्री राजकीय उमा विद्यालय कपासन के खेल मेदान में आयोजन होगा।जिसमें खेल प्रतिभाओं द्वारा टेनिस बॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता में खेल कौशल का प्रदर्शन किया जायेगा।

इस मौके पर विधायक अर्जुनलाल जीनगर,नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजु देवी सोनी,सांसद खेल महोत्सव विधानसभा संयोजक जिनेन्द्र कोठारी, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय आदि जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहेगें।

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन

बनास वरदान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी मे शनिवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बूंदी में समापन किया गया प्रतियोगिता में 124 टीमों के 562 खिलाड़ियों ने भाग लिया 19 वर्ष में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चेता के नाम चैंपियनशिप रही और 17 वर्ष में सरस्वती जजावर के नाम चैंपियनशिप रही मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्रीमान अशोक डोगरा एवं अध्यक्षता श्रीमान रामेश्वर मीणा ने की तथा विशेष अतिथि कालूलाल जांगिड़ पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती नूपुर मालव जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा रहे। इसके साथ ही शिक्षा विभाग से प्रहलाद शर्मा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राज बहादुर भंसाली उप जिला शिक्षा शारीरिक शिक्षा अधिकारी शिवराज खींची मनोज वर्मा मौजूद रहे।

### बूंदी पुलिस प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# आपराधिक गतिविधियों से अर्जित 12 करोड़ की संपत्ति कुर्क, नए बीएनएसएस कानून की धारा 107 के तहत एक्शन

**सदर थाना इलाके के नेशनल हाईवे-52 स्थित वेलकम होटल पर अवैध गतिविधियों और एक हत्या के बाद पुलिस-प्रशासन हुआ सख्त; आरोपी बनवारी और उसकी पत्नी के नाम संपत्ति जब्त**

बनास वरदानन

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले में पुलिस और प्रशासन ने आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ एक बड़ी मिसाल पेश करते हुए, अवैध तरीकों से कमाई गई करीब 12 करोड़ रुपये की संपत्ति को न्यायालय के आदेश पर कुर्क कर दिया है। यह कार्रवाई नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 107 के तहत की गई है, जिसे अवैध धंधों से अर्जित संपत्ति पर राजस्थान में अब तक की सबसे बड़ी कुर्की कार्रवाई माना जा रहा है।



**होटल में हत्या और अवैध गतिविधियों पर चला डंडा :** मामला बूंदी जिले के सदर थाना इलाके के नेशनल हाईवे नंबर 52 रामगंज बालाजी पर स्थित 'वेलकम' नाम की होटल से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, इस होटल में लंबे समय से अवैध गतिविधियां चल रही थीं। हाल ही में, इन्हीं अवैध गतिविधियों के दौरान कोटा निवासी एक युवक की हत्या कर दी गई थी। इस गंभीर घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने गहनता से जांच शुरू की। अवैध गतिविधियों की लगातार शिकायत और हत्या की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने होटल पर संयुक्त रूप से दबिश दी। इस दौरान होटल से एक दर्जन से अधिक महिलाओं को भी बरामद किया गया था।

इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए, सदर थाना पुलिस ने क्चहस्स् की धारा 107 के तहत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में संपत्ति को राजसात और कुर्क करने के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया। जांच में बैंक खाते और दस्तावेजों की विस्तृत पड़ताल की गई, जिसमें आरोपी बनवारी और उसकी पत्नी के नाम पर करीब 12 करोड़ रुपये की संपत्ति होने का खुलासा हुआ।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी होने के बाद, आज उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नगर परिषद बूंदी और सदर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। नेशनल हाईवे नंबर 52, रामगंज बालाजी पर स्थित संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

### इन संपत्तियों को किया गया कुर्क

आरोपी बनवारी और उसकी पत्नी के नाम पर जब्त की गई संपत्तियों में दो कार, तीन बाइक, निर्माणाधीन होटल, रामगंज बालाजी स्थित होटल, तीन अन्य स्थानों पर कृषि भूमि और अन्य स्थानों की संपत्ति शामिल है। आपराधिक गतिविधियों से अर्जित यह 12 करोड़ रुपये के करीब की संपत्ति अब जब्त कर ली गई है।

यह कार्रवाई अवैध धंधों से कमाई गई संपत्ति पर पुलिस, प्रशासन और न्यायालय का बड़ा प्रहार माना जा रहा है। इस दौरान रमेशचन्द्र आर्य, सीआई थाना सदर बूंदी , अरुण कुमार शर्मा डिप्टी बूंदी, अर्जुन मीणा तहसीलदार बूंदी, नगर परिषद आयुक्त धर्मेंद्र कुमार मीणा सही पुलिस बल मौजूद रहा ।

# सीजेआई पर जूता फेंकने की घटना शर्मनाक : बलाई

### कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने दिया ज्ञापन

बनास वरदान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)** । सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी आर. गवई पर एक अधिवक्ता द्वारा जूता फेंकने के अत्यंत निंदनीय कृत्य पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए, भीलवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष रामदयाल बलाई के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को दिए गए ज्ञापन में इस घटना को शर्मनाक और जातिगत घृणा से प्रेरित घटना बताया और तत्काल कठोरतम कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।

अनुसूचित जाति विभाग, जिलाध्यक्ष रामदयाल बलाई ने बताया कि यह घटना अत्यंत चौंकाने वाली और न्यायपालिका की गरिमा के प्रति अपमानजनक है। मुख्य न्यायाधीश महोदय एक दलित समाज से आते हैं, और उनकी नियुक्ति देश के लिए गर्व का विषय है। ऐसे में यह कृत्य उनके पद और सम्पूर्ण दलित समुदाय की गरिमा पर गहरा आघात है। जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया से अनुरोध किया है कि इस अधिवक्ता के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए जाएं और मामले में उचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में देश में कोई इस प्रकार की घटना करने का साहस न कर सके। इस दौरान शंकर लाल चन्नाल, गोपाल बलाई, गोपाल लाल, शंकर लाल, सुरेश, शंभू प्रसाद, देवकरण आदि उपस्थित थे।

## संगठन सृजन अभियान : अल्पसंख्यक विभाग प्रभारी ने ली बैठक, अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों ने रखी दावेदारी

बनास वरदान



**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** राजस्थान कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग भीलवाड़ा की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने की।

बैठक की शुरुआत में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला प्रभारी ऑब्जर्वर धनपाल जैन, सह प्रभारी शाकिर कुरेशी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष इकबाल काजी, पीसीसी सदस्य मोहम्मद याकूब एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मंजू पोखरना का उपरना पहनाकर स्वागत किया गया।

जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने सभी प्रभारियों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन सृजन अभियान की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। पीसीसी ऑब्जर्वर धनपाल जैन ने अल्पसंख्यक विभाग में नए अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया की जानकारी दी। सह प्रभारी शाकिर कुरेशी, मंजू पोखरना, मोहम्मद याकूब और इकबाल काजी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक में कोटा प्रभारी ऋषि लांबा, सलूम्बर प्रभारी सुंदरलाल जाट (सिख), जिला सेवादल अध्यक्ष योगेश सोनी, पार्षद उस्मान पठान, वसीम, हमीद रंगरेज, निसार सिलावट, रफीक शेख, ताहिर पठान, रियाज पठान, गुडविन मसीह, सोनू खां कायमखानी, आरिफ बिसायाती, हारून रंगरेज, हारून छीपा, सोहेल छीपा, आरिफ छीपा, प्रकाश पितलिया, कमरुद्दीन, एडवोकेट अशोक जैन, नितिन बापना, मदन सुराणा, अली मंसूरी, शाहिद देशवाली, इम्मामुद्दीन, बशीर मोहम्मद, एडवोकेट जेनुल शेख, फीस मुल्तानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# आवासीय क्षेत्र में मोबाइल टॉवर पर रोक की मांग, अग्रसेन कॉलोनी वासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

बनास वरदान



**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** शहर के आजादनगर स्थित अग्रसेन कॉलोनी के लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर मोबाइल टॉवर लगाने पर रोक लगाने की मांग की। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि अग्रसेन मांगलिक भवन के पास स्थित भूखंड संख्या वी-111/1 पर भूखंड मालिक संतोष शर्मा मोबाइल टॉवर लगवा रहा है। यह भूखंड आवासीय क्षेत्र में आता है। कॉलोनी में सैकड़ों लोग रहते हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे दिनभर घरों में रहते हैं। पास में स्कूल भी है। मकान आपस में सटे हुए हैं। सड़क की चौड़ाई केवल 20 फीट है। ऐसे में टॉवर लगने से रेडिएशन का खतरा बढ़ेगा। इससे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा।

रहवासियों ने बताया कि जब उन्होंने भूखंड मालिक संतोष शर्मा से टॉवर नहीं लगाने की बात कही तो उसने धमकी दी। कहा कि पांच लाख रुपए दे दो, तो टॉवर नहीं लगाऊंगा। उसने यह भी कहा कि उसे रेडिएशन से कोई फर्क नहीं पड़ता, उसे सिर्फ पैसे से मतलब है। कॉलोनीवासियों ने इसे जनहित का मामला बताया। कहा कि अवैध रूप से टॉवर लगाया जा रहा है। इसे तुरंत रोका जाए। ज्ञापन देने वालों में पार्षद राजेंद्र पोरवाल, गोविंद राठी, देवेंद्र गोयल, सुमित सुवालका, मनीष पंसारी, अनिल मुर्डिया, कैलाश अग्रवाल, रमेश सुराना, अभिषेक नाथानी, उग्मिचन्द पन्चरिया, सोनू गुर्जर, किशन सुवालका, पवन महादेवा, नवीन दाधीच, महावीर मेहता, विनय पंसारी सहित मोहल्ले की कई नारी शक्ति शामिल रहे। मोहल्ला वासियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जबरदस्ती मोबाइल टावर लगवाया गया तो उन्हें मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा।

## आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में वंदना दर्शन पखवाड़े के तहत भव्य प्रार्थना सभा का आयोजन



बनास वरदान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** शहर में विद्या भारती द्वारा संचालित प्राचीन विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर बड़ के बालाजी मैं वंदना दर्शन पखवाड़े के तहत प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। वैसे प्रार्थना सभा प्रतिदिन आयोजित होती है जिसमें प्रार्थना, मंत्र ,योग एवं अनुशासन अभिव्यक्ति की जाती है।

शनिवार को इस प्रार्थना सभा में मुख्य अतिथि गण पीएम श्री विद्यालय देईखेड़ा के आचार्य दशरथ जी वैष्णव, पूर्व आचार्य वर्तमान पत्रकार राजेश तंवर, पत्रकार विश्वनाथ शर्मा उपस्थित रहे। सभी अतिथि गणों ने विद्यालय के अंदर होने वाले शिक्षण कार्य एवं संस्कार से लेकर अन्य गतिविधियों पर प्रकाश डाला और बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है तथा देश और सामाजिक हित में कार्य करने की प्रेरणा मिलतीहै।

इस वंदना कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि गणों के साथ विद्यालय के संस्था प्रधान कुंज बिहारी शर्मा उपस्थित रहे।

**जिले के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान मेले में दिखाया नवाचार का जज्बा**

# सांसद खेल महोत्सव शहरी क्षेत्र का हुआ भव्य एवं रंगारंग शुभारंभ

बनास वरदान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** सांसद खेल महोत्सव-2025 के शहरी क्षेत्र का रंगारंग उद्घाटन समारोह शनिवार को नगर के राजकीय डॉ. भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, निंबाहेड़ा के खेल मैदान में उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक नवलखा तथा अध्यक्षता सांसद खेल महोत्सव विधानसभा संयोजक एवं पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा नितिन चतुर्वेदी ने की।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अरविंद मुंदड़ा, महामंत्री देवकरण समदानी, सांसद खेल महोत्सव के नगर संयोजक अतुल सोनी, मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल सोमानी एवं मनोहरलाल जैन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।



समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्वागत उद्बोधन मनोहरलाल जैन ने दिया। पूर्व विधायक एवं समारोह के मुख्य अतिथि अशोक नवलखा ने खिलाडियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसी प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और टीम स्पिरिट को प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं को मंच मिलता है और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनता है। नवलखा ने सभी खिलाड़ियों से पूरे उत्साह और खेलभावना से प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नितिन चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया संकल्प को साकार करने का यह महोत्सव एक सशक्त पहल है। खेलों से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि युवाओं में नेतृत्व, एकता और आत्मविश्वास का भी विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीत-हार से बढ़कर खेल में भागीदारी और अनुशासन महत्वपूर्ण है।

कबड्डी, क्रिकेट, वॉलीबॉल और रस्साकशी में खिलाड़ियों का जोश

मुख्य निर्णायक राजेश ओझा ने बताया कि महोत्सव में कबड्डी, रस्साकशी, क्रिकेट और वॉलीबॉल जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था।

निर्णायक मंडल में श्रीमती सीमा अग्रवाल, श्रीमती मंजू बालोटिया, नरेश कुमार सुयल, राधेश्याम तेरी, विश्राम मीणा, सूर्यकांत चौधरी, गोपाललाल धायल, जीतेंद्र सिंह, विनोद कुमार भट्ट, अनिल झंवर, सुनील डूंगरवाल, धनराज सोलंकी, शांतिलाल कीर, कुलदीप सिंह चौधरी, कैलाशचंद्र खटीक, भेरूलाल जाट, विनोद व्यास, श्रीमती विमला जीनगर, शराफत पठान सहित अनेक निर्णायक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेशचंद्र कुमावत द्वारा किया गया, जबकि तेजपाल झंवर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## राजस्थान लोक सेवा आयोग ने जयपुर शहर के एक परीक्षा केंद्र के नाम में किया आंशिक परिवर्तन

**जयपुर**। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 12 एवं 13 अक्टूबर, 2025 को सहायक सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा- 2024 (आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) एवं कृषि विभाग की विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। आयोग ने जयपुर शहर के एक परीक्षा केंद्र के नाम में आंशिक परिवर्तन किया है। परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग ने जयपुर शहर के केंद्र संख्या (16-0025) के नाम में आंशिक परिवर्तन करते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिरसी, जयपुर के स्थान पर पुरोहित हरिनारायण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिरसी, जयपुर (मोबाइल नंबर— 8619926481) किया गया है।

## कार्यग्रहण नहीं करने वाला 2 बीएलओ निलंबित -

### निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, सिविल लाईन्स ने जारी किये निलंबन आदेश

**जयपुर**। निर्वाचन संबंधी कार्य में लापरवाही बरतने एवं बीएलओ ड्यूटी ज्वाइन नहीं करने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जयपुर के सिविल लाईन्स (051) विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी श्री गौरव बांकावत ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले 2 बीएलओ को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 व धारा 13 13 (ग) (ग) की प्रदत्त शक्तियों के तहत एवं राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी सिविल लाईन्स (051) श्री गौरव बांकावत.ने बताया कि राज० उ० मा० वि०, हथरोई के वरिष्ठ अध्यापक महेश कुमार शर्मा एवं रा० बा० उ० मा० वि०, बनीपार्क के सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्री दीपक गर्ग को स्थाई बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ)/सुपरवाईजर नियुक्त किया गया था। कार्मिकों द्वारा न तो निर्वाचन कार्यालय में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की गई एवं न ही अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्मिकों द्वारा चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

## CJI बोले- डिजिटल युग में लड़कियां सबसे ज्यादा असुरक्षित

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली**। मुख्य न्यायाधीश (CJI) बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि डिजिटल दौर में लड़कियां नई तरह की परेशानियों और खतरों का सामना कर रही हैं। टेक्नॉलॉजी सशक्तिकरण नहीं, शोषण का जरिया बन गई है। CJI गवई ने कहा- CJI गवई सुप्रीम कोर्ट की जुवेनाइल जस्टिस कमेटी और यूनिसेफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन 'सेफगार्डिंग द गर्ल चाइल्ड' में बोल रहे थे। कार्यक्रम में जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस जेबी पारदीवाला, केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और यूनिसेफ इंडिया की प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्री भी मौजूद थीं। 1. संवैधानिक गारंटी होने के बावजूद देश की कई लड़कियों को अब भी बुनियादी अधिकारों और सम्मान से वंचित रखा जाता है। यह स्थिति उन्हें यौन शोषण, मानव तस्करी, बाल विवाह और भेदभाव की परिस्थितियों में धकेल देती है। टैगोर की कविता 'Where the Mind is Without Fear' का जिक्र करते हुए CJI ने कहा, 2. डिजिटल दौर में खतरे अब भौतिक दायरे से निकलकर वर्चुअल दुनिया तक पहुंच गए हैं। टेक्नोलॉजी जहां एक ओर अवसर देती है, वहीं यह नए तरह के शोषण का साधन भी बनती जा रही है।

### झुंझुनूं के मंड्रेला में जल संचय-जन भागीदारी-जन आंदोलन कार्यक्रम

# हर गांव, हर खेत में वर्षा जल के संचयन का लें संकल्प : मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जल संचय-जन भागीदारी के आह्वान पर दूसरे राज्यों में बसें प्रवासी राजस्थानी अपनी मातृभूमि को जल आत्मनिर्भर बनाने के आगे आए हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी भी हर गांव, हर खेत में वर्षा जल की एक-एक बूंद को सहेजने का संकल्प लें और आने वाली पीढ़ियों को एक समृद्ध और सुरक्षित भविष्य प्रदान करें। शर्मा शनिवार को झुंझुनूं के मंड्रेला में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की उपस्थिति में आयोजित जल संचय-जन भागीदारी-जन आंदोलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय प्रदेश में जल जीवन मिशन में अनियमिताएं हुई, जिन पर हमारी सरकार ने ठोस कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि जेजेएम हुई गड़बडियों से संबंधित किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए राम जलसेतु लिंक परियोजना से लेकर जल संरक्षण एवं संचयन के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र में यमुना का पानी लाने के लिए पूर्ववर्ती सरकार ने कोई काम नहीं किया, जबकि हमारी सरकार ने गठन के साथ ही हरियाणा सरकार के साथ यमुना जल समझौते का एमओयू किया और इसकी डीपीआर पर काम चल रहा है। इसी तरह हमारी सरकार ने राम जलसेतु लिंक परियोजना के लिए केंद्र एवं मध्यप्रदेश सरकार के साथ एमओयू किया। इस परियोजना से पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों में सिंचाई एवं पेयजल के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

शर्मा ने कहा कि हमने अब तक जितने काम किए हैं, वे काम पूर्ववर्ती सरकार अपने पूरे कार्यकाल में नहीं कर पाई। हमने अब तक जल परियोजनाओं में लगभग 13 हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जबकि गत सरकार ने डेढ़ साल में केवल साढ़े 4 हजार करोड़ रुपए खर्च किए। इसी तरह डेढ़ साल में 13 लाख नए घरेलू नल कनेक्शन दिए हैं, जबकि पूर्ववर्ती सरकार डेढ़ साल में मात्र पौने दो लाख कनेक्शन ही दे पाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मा वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा एवं लाडो प्रोत्साहन योजना के माध्यम से बालिकाओं के जन्म पर डेढ़ लाख रुपये का सेविंग बॉण्ड उपलब्ध करवा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान कल्याण के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरूआत की है। हमने प्रदेश में किसान सम्मान निधि की राशि को बढ़ाकर 9 हजार रुपये किया है। साथ ही, पशुपालन क्षेत्र को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए दुग्ध उत्पादकों को सब्सिडी एवं गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना में ऋण उपलब्ध करवा रही है। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार में बिना किसी पेपरलीक के प्रदेश के युवाओं को सरकारी नौकरियों के भी भरपूर अवसर मिल रहे हैं। लगभग 91 हजार नियुक्तियां दी जा चुकी हैं।

# गिव-अप अभियान में लाएं तेजी, जरूरतमंदों को मिले योजना का लाभ - सुमित गोदारा

### उदयपुर में गोदारा न विभागीय समीक्षा बैठक लेकर राशन वितरण में अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर**। खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शुक्रवार को उदयपु कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। गोदारा ने एनएफएसए आवेदनों की वर्षवार प्रगति की समीक्षा करते हुए आमजन को आधार सीडिंग में आ रही समस्या को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना ई-केवायसी नवंबर माह का गेहूं वितरित नहीं किया जाएगा, विशेष परिस्थितियों में जिला कलेक्टर जरूरतमंद लोगों को एनएफएसए योजना से जोड़ सकते हैं।

गोदारा ने गिव-अप अभियान में तेजी लाकर इसका वास्तविक लाभ जरूरतमंद लोगों को ही मिलना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपात्र लोगों को योजना से हटाने के लिए नियमित सर्वे करने और प्रगति सुनिश्चित न करने पर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

गोदारा ने कहा कि राशन डीलरों को सरकार द्वारा नियमित रूप से समय पर भुगतान किया जा रहा है। राशन वितरण में अनियमितता करने वाले डीलरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और वरिष्ठ अधिकारी समय- समय पर औचक निरीक्षण करें। उन्होंने टेंडर प्रक्रिया में नए लोगों को जोड़ने और विभागीय कार्यों को पारदर्शी बनाने के निर्देश भी दिए। गोदारा ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना समेत केंद्र और राज्य सरकार की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी सभी राशन दुकानों पर बोर्ड लगाकर उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जिले में रिक्त राशन दुकानों की स्थिति पर भी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, गोगुन्दा विधायक प्रताप भील, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, जिला कलेक्टर नमित मेहता, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली , डीएसओ प्रथम सृष्टि डबास, डीएसओ द्वितीय मनीष भटनागर सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## भागवत बोले-RSS जैसी संस्था केवल नागपुर में बन सकती थी

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) चीफ मोहन भागवत ने कहा, 'देश में कई लोग हिंदुत्व पर गर्व करते थे और हिंदू एकता की बात करते थे, लेकिन RSS जैसी संस्था केवल नागपुर में ही बन सकती थी। यहां पहले से ही त्याग और समाज सेवा की भावना थी।' उन्होंने कहा- RSS ने हाल ही में दशहरे पर अपने 100 साल पूरे किए। इसकी स्थापना साल 1925 में नागपुर में डॉ. हेडगेवार ने की थी। संगठन का उद्देश्य समाज में अनुशासन, सेवा, सांस्कृतिक जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करना था। RSS चीफ ने कहा कि ब्रिटिश शासन ने योजनाबद्ध तरीके से उन प्रतीकों और परंपराओं को खत्म करने की कोशिश की, जो भारतीयों को एकजुट करती थीं। इसलिए इतिहास से सीखें और उन लोगों की निस्वार्थ भावना को याद रखें, जिन्होंने समाज और देश के हित के लिए काम किया

### डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने व्यापार संघों के पदाधिकारियों से की चर्चा - कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में 50 संघों के 160 प्रतिनिधियों ने की शिरकत

# दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन एवं व्यापारियों का समन्वय बनेगा मिसाल - जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर**। आगामी पांच दिवसीय दीपोत्सव की तैयारियों एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शुक्रवार को दीपोत्सव की व्यापक तैयारियों को लेकर जयपुर के विभिन्न व्यापार मंडलों, बाजार संघों एवं औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जयपुर के करीब 50 व्यापारिक संघों, संगठनों एवं मंडलों के 160 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने शिरकत की। बैठक दीपोत्सव की तैयारियों एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा हुई। बैठक में बताया गया कि दीपावली केवल एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि "टीम जयपुर" की सामूहिक भावना और शहर की जीवंत संस्कृति का उत्सव है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जयपुर की पहचान "रोशनी का शहर" के रूप में कायम रखने हेतु सभी विभागों, व्यापारिक संगठनों और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। जिला कलक्टर ने दीपोत्सव के दौरान शहर में स्वच्छता, सौंदर्य, सुरक्षा, यातायात, बिजली आपूर्ति, अग्निशमन, स्वास्थ्य सेवाओं, पार्किंग प्रबंधन और अतिक्रमण नियंत्रण के लिए संबंधित विभागों को विशेष तैयारी के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि दीपावली के दौरान शहर में प्रतिदिन लाखों नागरिक और पर्यटक बाजारों में आते हैं, ऐसे में सभी एजेंसियों को सामूहिक समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र विकसित करना होगा ताकि कोई असुविधा न हो।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दीपोत्सव से पहले शहर की सभी सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश दिये। उन्होंने जयपुर नगर निगम (ग्रेटर एवं हैरिटेज) को बाजारों में स्वच्छता एवं सफाई की विशेष व्यवस्था करने, सड़कों पर जमा कचरा और अतिक्रमण तत्काल हटाने के निर्देश दिए। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) को प्रमुख सड़कों और चौक-चौराहों पर सौंदर्यकरण, रंगीन लाइटिंग और सजावट के लिए कहा गया। जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) को सतत बिजली आपूर्ति और खराब तारों/ट्रांसफॉर्मरों की पूर्व जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को बाजार क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और एम्बुलेंस की व्यवस्था रखने, वहीं पुलिस और यातायात विभाग को बाजारों में सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, और ट्रैफिक डायवर्जन की पूर्व योजना बनाने को कहा गया। अग्निशमन विभाग को मुख्य बाजारों में फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच और पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष श्री सुभाष गोयल, महामंत्री श्री सुरेश सैनी, सेंट्रल स्पाइन व्यापार महासंघ के अध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, राजस्थान ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राजन सिंह सहित जयपुर के प्रमुख बाजारों- जौहरी बाजार, बापू बाजार, त्रिपोलिया बाजार, मिर्जा इस्माइल रोड, मानसरोवर, वैशाली नगर, विद्याधर नगर, मालवीय नगर आदि के व्यापारिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

व्यापारियों ने दीपोत्सव के दौरान बाजारों में बिजली आपूर्ति, पार्किंग स्थल, यातायात नियंत्रण, स्ट्रीट लाइट मरम्मत, कचरा निस्तारण, अस्थायी फूड स्टॉल नियंत्रण, एवं सुरक्षा प्रबंधन को लेकर अपने व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि प्रशासन के साथ नियमित संवाद और साझा जिम्मेदारी से जयपुर के दीपोत्सव को राष्ट्रीय स्तर पर उदाहरण बनाया जा सकता है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर- दक्षिण) श्री युगांतर शर्मा ने कहा कि दीपोत्सव केवल रोशनी और सजावट का उत्सव नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता, अनुशासन, स्वच्छता और नागरिक चेतना का पर्व है। उन्होंने कहा कि जयपुर वासियों के सहयोग से इस बार का दीपोत्सव पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा उपयोग की दिशा में भी उदाहरण बनेगा। उन्होंने बाजारों में 'ग्रीन दिवाली' की भावना को अपनाने, पटाखों के सीमित उपयोग, प्लास्टिक मुक्त सजावट और ऊर्जा-संवेदनशील रोशनी के प्रयोग का आग्रह किया। बैठक में जानकारी दी गई कि दीपोत्सव के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना की स्थिति में जिला कलेक्ट्रेट स्थित जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में संपर्क किया जा सकता है। जहां किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

बैठक में पुलिस, यातायात पुलिस, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, नागरिक सुरक्षा, देवस्थान विभाग, पर्यटन विभाग, रसद विभाग, वाणिज्य कर विभाग, उद्योग विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।